वर्ष : 33 | अंक : 158 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, शुक्रवार, 23 अगस्त 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## बदलापुर कांड : दुष्कर्म, लाठीचार्ज और बवाल...

# 300 पर एफआईआर, 70 गिरफ्तार, हाईकोर्ट की फटकार

## अक्षय के पिता का दावा- मेरे बेटे को फंसाया जा रहा

**अमित बृज । मुंबई/ठाणे**



बदलापुर में छोटी बच्चियों के साथ हुई घटना से पूरे महाराष्ट्र में आक्रोश है। बदलापुर में तीव्र आंदोलन के बाद इस मामले में फौरन कार्रवाई की गई। इस मामले में आरोपी अक्षय शिंदे को 26 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अब इस मामले में रोजाना चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। अक्षय के परिवार की ओर से दी गई जानकारी इस मामले में एक अलग मोड़ ले सकती है। अक्षय के पिता ने कहा कि जो बताया जा रहा है वैसा हुआ ही नहीं। उन्होंने दावा किया कि इस मामले में मेरे बेटे को फंसाया जा रहा है।

### क्या अक्षय मंदबुद्धि था?

इस मामले में अक्षय शिंदे की मां ने कई अहम बातें बताई हैं। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अक्षय स्कूल में सिर्फ बाथरूम साफ करने का काम कर रहा था। इसके अलावा उसके पास कोई और काम नहीं था। इसके बाद उनसे पूछा गया कि क्या अक्षय शिंदे मंदबुद्धि हैं? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि नहीं, वह नॉर्मल नहीं था, लेकिन उसके सिर में दर्द होता था। वह बचपन से ही मानसिक रूप से कमजोर था। उसकी दवा भी शुरू हुई थी।

### मेरे बेटे को फंसाया जा रहा है- अक्षय के पिता

वहीं अक्षय के पिता ने कहा कि जो कहा जा रहा है वैसा हुआ ही नहीं। उन्होंने दावा किया कि इस मामले में मेरे बेटे को फंसाया जा रहा है। इसलिए इस मामले में नया मोड़ आने की आशंका है।

## 'दूसरी बच्ची का बयान क्यों दर्ज नहीं हुआ था'

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र पुलिस को लगाई फटकार

**मुंबई।** ठाणे के बदलापुर की घटना पर बॉम्बे हाईकोर्ट की महाराष्ट्र पुलिस की खिंचाई की है। हाईकोर्ट ने इस मामले पर सुओ मोटो लेने के बाद पहली सुनवाई में पूछा कि कोर्ट ने पूछा कि दूसरी बच्ची का स्टेटमेंट (बयान) को क्यों नहीं रिकॉर्ड किया गया? हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। इसके साथ ही हाईकोर्ट महाराष्ट्र पुलिस के आदर्श वाक्य का जिक्र करते हुए हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता को कहा कि आप पुलिस को बताएं कि आपने इस मामले में अच्छी जांच नहीं की है। महाराष्ट्र पुलिस का आदर्श वाक्य 'सदरक्षणाय खलनिग्रहणाय' है। इसका मतलब होता है कि पुलिस सज्जनों की रक्षा और बुरे लोगों को नियंत्रण में रखने के लिए प्रतिबद्ध है।





### लड़कियों की सुरक्षा से समझौता नहीं

बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण की खंडपीठ ने पुलिस से दोनों लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी विवरण देने को कहा और कहा कि वह उपायों की जांच करेगी। न्यायाधीशों ने कहा कि हम इस बात से स्तब्ध हैं कि बदलापुर पुलिस ने धारा 164 के तहत दूसरी पीड़ित लड़की का बयान दर्ज नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह बड़े मुद्दे को लेकर सुओ मोटो सुनवाई है। कोर्ट ने कहा कि इसलिए लड़कियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने इसके बाद टिप्पणी की और कहा कि जब तक जनता में कोई जोरदार आक्रोश नहीं होता, तब तक तंत्र काम नहीं करता।

**अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी**

न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण ने कहा कि 'सदरक्षणै खलिग्रहणाय' महाराष्ट्र पुलिस का आदर्श वाक्य है। आपको पता है इसका क्या मतलब है? क्या पुलिस को यह याद दिलाने की जरूरत है? हाईकोर्ट ने इसके बाद महाधिवक्ता को कहा इस मामले में अगली सुनवाई मंगलवार दोपहर 2:30 बजे होगी, लेकिन अगली बार इस मामले में पुलिस ने क्या कार्रवाई की। इसकी जानकारी लेकर आइए।

### स्कूल ने क्यों नहीं दी सूचना?

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल के अधिकारियों को यौन शोषण की सूचना पुलिस को न देने के लिए भी फटकार लगाई, जबकि उन्हें पता था कि ऐसा हो रहा है। हाईकोर्ट ने यह भी उम्मीद जताई कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। न्यायमूर्ति मोहिते-डेरे ने महाराष्ट्र पुलिस से पूछा कि मामले में बयानों में देरी क्यों हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बयान इतनी देरी से दर्ज किए। घटना 13 अगस्त की है। एफआईआर 16 तारीख की है। बयान अब दर्ज किए गए? माता-पिता के बयान पहले क्यों दर्ज नहीं किए गए? पुलिस अधिकारी का कर्तव्य प्रक्रिया के अनुसार बयान दर्ज करना है। हम पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने में रुचि रखते हैं। ने खंडपीठ कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के सुओ मोटो के बाद पीड़ितों में से एक के पिता का बयान देर रात के बाद दर्ज किया गया।

## 'जिन्हें बदलापुर की घटना में राजनीति दिख रही वे एबनॉर्मल'

### उद्धव ठाकरे का फडणवीस पर बड़ा हमला



**मुंबई।** ठाणे के बदलापुर में स्कूल के अंदर बच्चियों के यौन शोषण पर महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने बड़ा हमला बोला है। मुंबई में बदलापुर की घटना पर बोलते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि मुझे नहीं पता कि गृह मंत्री कहां हैं? शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गृह मंत्री देवेन्द्र फडणवीस की आलोचना करते हुए कहा कि वह एक लापरवाह गृह मंत्री हैं, जिन्हें अपने लोगों के जीवन की परवाह नहीं है। ठाकरे ने कहा कि प्रदेश में एक प्रदेश में एक असंवेदनशील सरकार बैठी है, वह जनता की परवाह नहीं करती। इतनी बड़ी घटना हो गई, प्रदेश के गृह मंत्री कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जो लोग यह सोचते हैं कि बदलापुर की घटना को लेकर हुए प्रोटेस्ट के पीछे राजनीति हैं। वे असामान्य हैं। ठाकरे ने कहा कि ऐसे लोग अपराधियों के संरक्षक होते हैं। बदलापुर रेलवे स्टेशन पर बड़े प्रोटेस्ट के बाद महायुति के नेताओं से प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

### स्कूल ने कहा था साइकिल चलाने से प्राइवेट पार्ट में चोटें आई होंगी

बदलापुर के एक स्कूल में चार साल की दो बच्चियों के यौन शोषण ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। यौन शोषण की शिकार हुईं लड़कियों में से एक के परिवार के सदस्य ने स्कूल प्रशासन और पुलिस पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिवार के सदस्य ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रिंसिपल ने यौन उत्पीड़न की पुष्टि करने वाली मेडिकल रिपोर्ट को खारिज कर दिया था।

## महाराष्ट्र में बीजेपी और कांग्रेस की सीटों में इजाफा होने की संभावना



**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का शंखनाद होने वाला है। इससे पहले एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि अगर आज लोकसभा चुनाव हुए तो महाराष्ट्र में बीजेपी और कांग्रेस को अपने सहयोगियों की कीमत पर सीटें मिलने की संभावना है। सर्वेक्षण के अनुसार, अगर आज चुनाव हुए तो बीजेपी को तीन सीटें और मिल सकती हैं, जिससे उसकी सीटों की संख्या 12 हो जाएगी। सर्वे में कहा गया है कि कांग्रेस को भी तीन और सीटें मिलेंगी, जिससे उसकी सीटों की संख्या 16 हो जाएगी।

### महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आया सर्वे

लोकसभा चुनावों के लिए मतदाताओं के रुझान का विश्लेषण करने वाला मूड ऑफ द नेशन पोल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आयोजित किया गया था। हालांकि, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के बीच मतदाताओं की भावना और चुनावी मुद्दे अलग-अलग होते हैं।

**लोकसभा चुनावों में बीजेपी को बड़ा झटका :** इस साल अप्रैल-जून के बीच हुए लोकसभा चुनावों में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को बड़ा झटका लगा, क्योंकि वह कुल 48 सीटों में से 17 सीटें जीतने में सफल रही। बीजेपी ने 9, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 7 और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 1 सीट जीती।

## अजित पवार ने 'महाराष्ट्रवादी हेल्पलाइन' का किया शुभारंभ

### योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना मकसद

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे**

उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को महाराष्ट्रवादी हेल्पलाइन का शुभारंभ किया। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें। पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हेल्पलाइन के जरिए उठाए गए मुद्दों को 24 से 48 घंटे के भीतर हल किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री के कार्यालय की टीम हर शाम फीडबैक की समीक्षा करेगी। पवार ने कहा, हमारा लक्ष्य ढाई करोड़ से ज्यादा परिवारों तक पहुंचने का है। हेल्पलाइन नंबर 9861717171 के जरिए लोगों को माझी लड़की बहिन और अन्नपूर्णा जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सभी सरकारी योजनाएं महाराष्ट्र के लोगों तक बिना किसी रुकावट के पहुंचे। हेल्पलाइन नंबर के साथ नागरिक व्हाट्सएप संदेश भी भेज सकते हैं और एक ऑटोमैटेड चैटबॉट सिस्टम अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में लोगों की मदद करेगा और शिकायतें भी दर्ज करेगा।



## एमपीएससी प्रिलिम्स की परीक्षा स्थगित

### छात्रों के प्रदर्शन के बाद आयोग का फैसला

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे**

एमपीएससी ने महाराष्ट्र राजपत्रित सिविल सेवा संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा स्थगित कर दी है। पहले ये परीक्षा 25 अगस्त को आयोजित होने वाली थी, उम्मीदवारों द्वारा तारीख बदलने की मांग और कुछ अन्य मांगों के लिए प्रदर्शन के बाद आयोग ने परीक्षा स्थगित करने का फैसला लिया।

### जल्दी होगी नई तारीख की घोषणा

एमपीएससी ने एक्स पर किए एक पोस्ट में परीक्षा के स्थगन की घोषणा की। महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) ने कहा कि वह आने वाले दिनों में नई तिथि की घोषणा करेगा।



### छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद फैसला

एमपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों ने मंगलवार रात से पुणे में विरोध प्रदर्शन किया और एक अलग तारीख की मांग की। छात्रों का कहना था कि यह तारीख भारतीय बैंकिंग कार्मिक चयन (आईबीपीएस) लिपिक पदों के लिए परीक्षा से टकरा रही है। छात्र इस परीक्षा के माध्यम से अधिक पदों पर भर्ती भी चाहते हैं।

### छात्र अभी तक खुश नहीं

हालांकि, एमपीएससी के इस फैसले से प्रदर्शनकारी उम्मीदवार संतुष्ट नहीं हैं, उन्होंने कहा कि वे एमपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के दायरे में कृषि विभाग के 258 पदों को लाने की अपनी मुख्य मांग तक अपना आंदोलन जारी रखेंगे। एक उम्मीदवार ने कहा कि जब तक कृषि विभाग के 258 पदों को (एमपीएससी परीक्षा में) शामिल करने जैसी हमारी अन्य मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

**शरद पवार ने प्रदर्शन में शामिल होने की दी चेतावनी :** इससे पहले, महाराष्ट्र के वरिष्ठ राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा स्थगित करने की मांग को लेकर पुणे में आंदोलन कर रहे उम्मीदवारों का समर्थन करते हुए कहा है कि आंदोलनकारियों की मांग जायज है।

### पोर्श कार हादसा: चालक किशोर के माता-पिता एवं चार अन्य आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**पुणे।** पुणे की एक अदालत ने कल्याणी नगर पोर्श कार हादसा प्रकरण में कथित रूप से रक्त नमूने बदले जाने के सिलसिले में किशोर चालक के माता-पिता समेत छह लोगों के जमानत आवेदनों को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश यू एम मुधोलकर ने 17 वर्षीय किशोर के पिता विशाल अग्रवाल और माता शिवानी अग्रवाल, ससून जनरल अस्पताल के चिकित्सकों- डॉ. अजय तावडे और डॉ. श्रीहरि हल्नोर तथा कथित बिचौलियों-अश्पक मकानदार और अमर गायकवाड़ को जमानत देने से इनकार कर दिया।

### एक्सप्रेस हाईवे पर भीषण हादसा : कार के परखच्चे उड़े, 2 दोस्तों की दर्दनाक मौत

**मुंबई।** मुंबई के विक्रोली इलाके में एक बड़ा हादसा हुआ है। ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक कार के पेड़ से टकरा जाने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतकों की पहचान सिद्धार्थ धागे (23) और रोहित निकम (29) के रूप में हुई है, जो विक्रोली पूर्व के कन्नमवार नगर के निवासी थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना तड़के हुई। उन्होंने बताया कि धागे कथित तौर पर बहुत तेज और लापरवाही से कार चला रहा था जिसके कारण उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। कार एक होटल के पास मुख्य सड़के के किनारे फुटपाथ पर लगे एक पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि घटना के बारे मे राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया जिसके बाद धागे और निकम को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**खुशखबरी** 7 अलग-अलग क्षेत्रों पर जोर, जीडीपी 2030 तक 26 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य

## नीति आयोग ने पेश किया मुंबई की जीडीपी दोगुना करने का खाका

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

मुंबई महानगर और उसके आसपास को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने के लिए नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दी। नीति आयोग ने मुंबई के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को पांच साल में दोगुना करने के लिए सात अलग-अलग क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। इस रिपोर्ट में मुंबई और महानगरीय क्षेत्र की जीडीपी 2030 तक 26 लाख करोड़ (300 अरब डॉलर) तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।



### जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने का मास्टर प्लान

मुंबई महानगर क्षेत्र के आर्थिक विकास के साथ बुनियादी ढांचे के विकास और इस क्षेत्र की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए नीति आयोग ने मुंबई के आर्थिक विकास के लिए मास्टर प्लान (व्यापक योजना) तैयार किया है। जिसकी तैयारी पिछले साल से शुरू कर दी गई थी। जिसकी रिपोर्ट नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने आज राज्य सरकार को सौंपी है।

### इस क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद 1.2 लाख करोड़

सुब्रमण्यम ने कहा कि नीति आयोग 13 राज्यों के लिए एक विजन तैयार कर रहा है। प्रदेश के विकास के साथ-साथ शहरों के आर्थिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नीति आयोग चार महानगरीय क्षेत्रों, मुंबई मेट्रोपॉलिटन एरिया, सूरत, वाराणसी, विशाखापत्तनम में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में काम कर रहा है। नीति आयोग द्वारा किए गए अध्ययन में मुंबई महानगर के साथ-साथ पालघर, रायगढ़, ठाणे जिलों सहित क्षेत्र के विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखा गया है। वर्तमान में इस क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद 1.2 लाख करोड़ (140 अरब डॉलर) है जो उत्तर प्रदेश राज्य का 80 प्रतिशत है। मुंबई और महानगरीय क्षेत्र की जीडीपी 2030 तक 300 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### मुंबई में करीब 1 करोड़ नौकरियां

सुब्रमण्यम ने कहा कि फिलहाल मुंबई में करीब 1 करोड़ नौकरियां हैं और नीति आयोग ने करीब 30 लाख और नौकरियां पैदा करने की कोशिशों का जिक्र किया है। इसके लिए सात विकास क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और निजी क्षेत्र में 10 से 11 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रयास किया जाएगा और शहरों को ग्रोथ इंजन बनाने पर जोर दिया जाएगा।

**पांच जिलों से आता है पूरे महाराष्ट्र की जीडीपी का एक तिहाई हिस्सा :** पूरे महाराष्ट्र की जीडीपी का एक तिहाई हिस्सा इन पांच जिलों से आता है। मुंबई में एक वैश्विक सेवा केंद्र बनाना, किफायती आवास को बढ़ावा देना, एमएमआर क्षेत्र को एक वैश्विक पर्यटन केंद्र बनाना, एक उद्योग बनने के लिए एमएमआर में बंदरगाहों का एकीकृत विकास और लॉजिस्टिक हब, सुनियोजित शहरों का विकास, समावेशिता और स्थिरता के साथ-साथ नागरिक बुनियादी ढांचे जैसे सात पहलुओं के आधार पर एमएमआर क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर विश्व स्तरीय आर्थिक विकास को गति दी जाएगी।

## मुंबई कांग्रेस ने किया ईडी कार्यालय का घेराव

### घोटाले के जांच की मांग

**मुंबई।** मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में कांग्रेस के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अडानी कंपनी में हुए घोटाले की जांच की मांग को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय का घेराव किया। पुलिस ने जब कांग्रेस के इन कार्यकर्ताओं को ईडी दफ्तर जाने से रोकने की कोशिश की तो कार्यकर्ताओं ने सड़क पर ही जाम लगा दिया। इस मौके पर वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडानी कंपनी में घोटाले का खुलासा हुआ है, जिसकी ईडी को जांच करने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन ईडी प्रमुख माधवी बुच खुद इस घोटाले की लाभार्थी के रूप में सामने आई हैं तो फिर वह इस मामले की जांच कैसे कर सकती हैं। वर्षा ने कहा कि अडानी का घोटाला उजागर होने के बाद भी विपक्षी दलों के नेताओं पर केंद्र सरकार ईडी के जरिए कार्रवाई करा रही है।



# 'विकास' के हाथ में उल्हासनगर का विकास



- विकास ढाकणे बने उल्हासनगर मनपा के नए आयुक्त
- इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्शन मैन के रूप में जाने जाते हैं विकास ढाकणे

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

मूल रूप से भारतीय रेलवे सुरक्षा सेवा के अधिकारी विकास ढाकणे उल्हासनगर मनपा के आयुक्त के रूप में पदभार संभाल लिया है। आयुक्त ढाकणे को बागडोर सौंपकर अजीज शेख ने उल्हासनगर के दो साल के कार्यकाल को अलविदा कहा। विकास ढाकणे लगभग 40 साल के युवा हैं, जो पुणे मनपा में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। लोकसभा चुनाव में उनका तबादला कर दिया गया था, लेकिन वह नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार उनका इंतजार खत्म हुआ और उन्हें उल्हासनगर मनपा का आयुक्त नियुक्त कर दिया है। गुरुवार को उल्हासनगर मनपा के आयुक्त के रूप में विकास ढाकणे ने पदभार संभाल लिया है।

### 2008 बैच के सिविल सेवा अधिकारी

*2008 बैच के सिविल सेवा अधिकारी विकास ढाकणे को महाराष्ट्र में प्रशासन के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट कार्यकारी के रूप में जाना जाता है। शिक्षा और प्रशासन में उनका अनुभव बहुत व्यापक और समृद्ध है। शैक्षिक दृष्टिकोण से ढाकणे ने एम.ए.(अर्थशास्त्र), बी.अनुसूचित जाति (कृषि), और एल.एल.बी.तक की उच्च शिक्षा डिग्रियां प्राप्त की हैं। उन्होंने अपना करियर भारतीय रेलवे सेवा से शुरू किया है। उन्होंने मुंबई, अहमदाबाद, पुणे और सोलापुर रेलवे डिवीजनों में सहायक और मंडल सुरक्षा आयुक्तों के पदों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासन में असाधारण योगदान दिया है और उनके नेतृत्व में कई परियोजनाएँ को सफलतापूर्वक पूरी की गई हैं।*

### दोपहर टिप्पणी : विकास की उम्मीद

*नवनियुक्त आयुक्त विकास ढाकणे के सामने सबसे बड़ी चुनौती उबड़-खाबड़ सड़कों के गड्ढे, सफाई, पानी समस्या और उल्हासनगर के जर्जर इमारतों की है। अब देखना है कि नए आयुक्त विकास ढाकणे शहर विकास करने में कितने सफल होते हैं। विकास ढाकणे जैसे अनुभवी और कुशल अधिकारी के नेतृत्व में उल्हासनगर शहर का सर्वांगीण विकास होने की उम्मीद है। आशा है कि उनके नेतृत्व में उल्हासनगर महानगरपालिका नई ऊंचाइयों को छुएगा और शहर का नाम रोशन करेगा।*

### 2014, 2018 और 2019 में केंद्रीय मंत्रालय द्वारा सम्मानित

*इसके अलावा उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के उद्योग मंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने केंद्र सरकार में निजी सचिव के रूप में अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। उनकी सेवा के लिए उन्हें 2014, 2018 और 2019 में केंद्रीय मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया है। 2021 में, उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें महाराष्ट्र सरकार द्वारा 'राजीव गांधी प्रशासनिक गतिमानता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड पर कमांडर होने का सम्मान अर्जित किया है और अपने बैच में 'सर्वश्रेष्ठ प्रोबेशनरी ऑफिसर" का खिताब अर्जित किया है। पढ़ने, ट्रैकिंग और थिएटर निर्देशन में उनकी रुचि ने उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करने के लिए प्रेरित किया है। विशेष रूप से थिएटर निर्देशन में, उन्होंने पांच नाटकों का निर्देशन किया है और विश्वविद्यालय स्तर के एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक भी जीता है।*

### पिंपरी चिंचवड़ महानगरपालिका और पुणे महानगर पालिका में अतिरिक्त आयुक्त



इससे पहले विकास ढाकणे पिंपरी चिंचवड़ महानगरपालिका और पुणे महानगर पालिका में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। पिंपरी चिंचवड़ मनपा में उनके कार्यकाल के दौरान मनपा प्रशासन को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 15 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसके लिए उनके नेतृत्व कौशल की व्यापक सराहना की गई। पुणे महानगर पालिका में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। वह डेढ़ साल से पुणे महानगर पालिका में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। पुणे महानगर पालिक में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने खराब सड़कों, अतिक्रमण, अवरुद्ध सड़कों, कटराज कोंढवा रोड, गणेशखिंड रोड के चौड़ीकरण और इस सड़क के लिए वैकल्पिक सड़कों, पुणे-मुंबई रोड के साथ-साथ मुंडवा में अड़चन वाली सड़कों के लिए दिन-रात काम किया। केशवनगर क्षेत्र शहर की पंद्रह आदर्श सड़कों के लिए विशेष योजना बनाई गई और उसके अनुरूप काम शुरू किया गया। उनके काम को नागरिकों ने देखा। इसके साथ ही उन्होंने अदालत के फैसले के बाद भिडे वाडा स्थल पर कब्ज़ा करने, मॉडल स्कूल बनाने, महानगर पालिका के आईटीआई का रूप बदलने और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ मनपा के अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए। इसके लिए सीएसआर फंड से भी धनराशि प्राप्त की गई। काम के प्रति उनका समर्पण और नागरिकों की बात शांति से सुनने और उन्हें कार्रवाई से संतुष्ट करने की उनकी पद्धति ने उन्हें आम जनता की कसौटी पर एक लोकप्रिय अधिकारी बना दिया। लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में उनका पुणे महानगर से तबादला कर दिया गया था, लेकिन इस तबादले को रद्द कराने के लिए पुणे के नागरिकों ने मार्च और आंदोलन भी किया था।

# सरेआम टैंकर से बेच रहे थे डीजल

**दो गिरफ्तार, 1 फरार**



- 20 लाख रुपए कीमत का 15 हजार 500 लीटर डीजल से भरा टैंकर पुलिस ने किया जब्त

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

*भिवंडी कल्याण रोड पर स्थित साई बाबा मंदिर के पास रोड पर ही खुले आम टैंकर से डीजल की बिक्री करने वाले टैंकर चालक और एक दलाल को शांतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनका एक साथी फरार हो गया है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।*

### केस फाइल

पुलिस के अनुसार, शांतिनगर पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी मंगलवार की रात 9:30 बजे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम ने देखा कि भारत कंपनी का डीजल से भरा टैंकर नंबर एकएच-10-जेट-4724 मंदिर के पास स्थित हिना गैरेज के सामने खड़ा है। कुछ लोग अवैध रूप से उक्त टैंकर से डीजल की बिक्री कर रहे है, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने 15 हजार 500 लीटर से भरा टैंकर भी जब्त कर लिया है। इसकी कुल कीमत 20 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने टैंकर चालक आरिफ जलालुद्दीन खान (42) मानखुर्द मुंबई और अजीत चोविसलाला यादव (34) नामक दलाल को गिरफ्तार कर लिया है। उनका एक साथी सनी फरार है। पुलिस हवलदार रिजवान अगर सय्यद की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस उनके एक अन्य साथी की तलाश कर रही है। इस मामले की आगे की कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े कर रहे है।

**बदलापुर कांड**

# तहसीलदार कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**दोपहर संवाददाता | वसई**




कोलकाता से लेकर महाराष्ट्र तक देश की बेटियों के साथ हो रही दरिंदगी को लेकर पूरे देश में प्रदर्शन हो रहे हैं। अभी कोलकाता में लेडी डॉक्टर के रेप और मर्डर केस को लेकर जनता आक्रोश में थी और जगह-जगह प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच ठाणे जिले के बदलापुर में स्कूल में पढ़ने वाली दो मासूम बच्चियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना ने पूरे राज्य को हिला कर रख दिया है। बदलापुर के इस मामले पर गुरुवार के दिन इस घटना से गुस्साए लोगों ने वसई तहसील कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। अभी कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में हुए जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और निर्मम हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था, इसी बीच ठाणे जिले के बदलापुर में स्कूल में पढ़ने वाली दो मासूम बच्चियों के साथ हुए छेड़छाड़ की घटना ने पूरे राज्य को शर्मसार कर दिया है।

### उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के इस्तीफे की मांग

इसी के विरोध में गुरुवार के दिन एनसीपी शरदचंद्र पवार पार्टी वसई-विरार जिला अध्यक्ष मनोज म्हात्रे के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वसई तहसीलदार कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शनकरियों ने अपराधियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। साथ ही पूरे राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर कई सवालिया निशान भी खड़े किए गए हैं। वहीं एनसीपी की महिला जिला अध्यक्ष ने सरकार पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़वनीस के इस्तीफे की मांग की गई है।

### बदलापुर, अकोला के बाद अब मुंबई में मासूम से हैवानियत

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग से दुष्कर्म


**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बदलापुर और अकोला में छात्राओं से छेत्रछाड़ के मामलों पर लोगों का रोष अभी थमा भी नहीं था कि अब मुंबई में एक मासूम से बलात्कार का मामला सामने आ गया है। 13 साल की लड़की के साथ 21 साल के एक युवक ने बलात्कार किया है।

### इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, गुजरात में किया दुष्कर्म

आरोपी युवक की पीड़िता से सोशल मीडिया के जरिए मुलाकात हुई थी। आरोपी उसे अंधेरी में एक जगह ले गया और उसके साथ बलात्कार किया और बाद में उसे गुजरात ले जाकर फिर से बलात्कार किया।

### घर पहुंचकर बयां किया दर्द



*जब लड़की कुछ दिनों बाद घर लौटी और परिवार को घटना के बारे में बताया। लड़की ने इंस्टाग्राम पर उस आदमी की तस्वीर दिखाई और परिवार ने वकोला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। मुंबई पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ अपहरण और बलात्कार के लिए POCSO अधिनियम की धारा 4, 8 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।*

# 24 अगस्त को दुकानें बंद करने के लिए व्यापारियों पर कोई जोर जबरजस्ती नहीं

### चालिहा पर्व को देखते हुए महाविकास आघाड़ी का बड़ा निर्णय

**दोपहर संवाददाता | बदलापुर**

शहर के एक निजी स्कूल मे दो मासूम बच्चियों के साथ अमानवीय कृत्य करने वाले सफाई कर्मी के घिनौनी हरकत से महाराष्ट्र गूंज उठा। राज्य में दिन ब दिन बढ़ते अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों ने कानून व्यवस्था का चीर हरण कर रहे है और राज्य के गृहमंत्री पूरी तरह नाकाम और विफल साबित हुए हैं। नैतिकता के आधार पर उन्हे अपने संवैधानिक पद से इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। बदलापुर में घटित इस घिनौने कृत्य के खिलाफ राज्य के विपक्षीय घटक पक्ष महाविकास आघाड़ी ने एकजुट होकर आगामी 24 तारीख शनिवार को महाराष्ट्र बंद का एलान किया है। इस विषय पर कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक पप्पू कालानी, शिवसेना (यूबीटी) जिला प्रमुख धनंजय बोड़ारे तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित सालवे तथा यूटिये अध्यक्ष सुमीत चक्रवर्ती के अध्यक्षता मे शहर बंद को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

### बैठक में क्या लिया गया निर्णय?



इस बैठक में आगामी 24 तारीख को कैम्प क्रमांक-2 भाऊ परसराम झूलेलाल चालिहा मंदिर मे इस्ट देव भगवान झुकेलाल साहेब का चालिस दिन के पर्व का समापन होने जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य झांकी निकाली जायेगी। यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। चालिहा पर्व के लिए उत्सुक शहरवासियों की भावनाओं को देखते हुए महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने शहरवासियों से आग्रह और निवेदन किया है कि कैम्प 1,2 और 3 के व्यापारी जो बदलापुर की घटना के विरोध मे अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान खुद बंद करना चाहते है, वो करे अन्यथा दुकान बंद करने के लिए कोई जोर जबरजस्ती नहीं है। जब कि कैम्प 4 व 5 के व्यापारियों से दुकानों को बंद करने की अपील की गयी है। साथ ही सभी दुकानदारों से निवेदन है कि राज्य मे बिगड़ते कानून व्यवस्था के खिलाफ 24 तारीख की शाम 7 बजे अपने दुकानों के बाहर एक कैंडल जलाकर सरकार का निषेध करे और 24 तारीख को दोपहर 3 बजे बदलापुर की घटना का निषेध करने के लिए उल्हासनगर-3 के शिवाजी चौक पर शामिल हो।

# मनपा मुख्यालय में 4 में से 3 लिफ्ट बंद

- *भिवंडी मनपा विद्युत विभाग व ठेकेदार की लापरवाही*

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**



भिवंडी मनपा विद्युत विभाग की उदासीनता व ठेकेदार की लापरवाही के कारण मुख्यालय की नई इमारत में लगा 4 में से 3 लिफ्ट बंद है।मात्र वीआईपी लिफ्ट चालू होने से नागरिकों को इमारत की ऊपरी मंजिल के कार्यालयों में जाने में काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है।वही लिफ्ट में भारी भीड़ का सामना मनपा कर्मियों को करना पड़ रहा है, जिसे लेकर प्रशासन के प्रति जनता को घोर आक्रोश व्याप्त है।

### वीआईपी लिफ्ट में हो रही है भारी भीड़

जानकारों का कहना है कि पिछले महिला मनपा विद्युत विभाग के प्रभारी कार्यकारी अभियंता सुनील पाटील के रिटायरमेंट होने के बाद उक्त विभाग पूरी तरह से अनियंत्रित हो गया है।उक्त विभाग की देखरेख में मनपा मुख्यालय की नई इमारत में कुल चार लिफ्ट लगाई गई है, जिसमें से दो लिफ्ट कई महीनों से बंध पड़ा है। जबकि दो लिफ्ट चालू था।जिसमे से एक लिफ्ट का उपयोग मनपा के अधिकारी व वीआईपी द्वारा किया जाता था। जबकि एक लिफ्ट का उपयोग मनपा में कामकाज के।लिए आने वाले जनता द्वारा किया जाता था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से मनपा का सर्वसाधारण लिफ्ट भी बंद हो चुकी है, जिसके कारण अधिकारी व नागरिकों को वीआईपी लिफ्ट से इमारत के छठे मंजिल तक का सफर तय करना पड़ रहा है। पालिका प्रशासन चारों लिफ्ट को सुचारु से संचालित करने के लिए प्रति वर्ष लाखों रूपये खर्च करती रही है। इसके साथ चारों लिफ्ट में लिफ्टमैन के रूप में विकलांग कर्मचारियों की नियुक्ति की है। वीआईपी लिफ्ट में भारी भीड़ होने से शहर के वरिष्ठ नागरिक व जन प्रतिनिधियों को सीढ़ियों से चढ़कर तीसरे मंजिल आयुक्त कार्यालय सहित अन्य विभागों में जाना पड़ता है। लिफ्ट बंद होने से दिव्यांग व विकलांग व्यक्तियों को भी अनेक प्रकार की समस्याओं से गुजरना पड़ता है।

### ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

शहर के वरिष्ठ नागरिकों से प्रशासन से चारों लिफ्ट चालू करने के साथ ही ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।इधर मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने बताया कि लीकेज के कारण 3 लिफ्ट बंद थे। जिसमें से एक बुधवार को रिपेरिंग कर शुरू कर दिया गया,इस तरह अब 4 में से दो लिफ्ट क्रियान्वित हो चुका है।आयुक्त ने बताया कि खराब दो अन्य लिफ्ट को भी दो दिन में सुचारू रूप से चालू हो जाएगा।जिसे अतिशीघ्र मरम्मत कराने का आदेश संबंधित विभाग को दिया गया है और काम भी शुरू किया गया है।

# व्यापारी संघ के अध्यक्ष विरेंद्र कुकरेजा का उल्हासनगर का दौरा

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**



भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश व्यापारी संघ के अध्यक्ष विरेंद्र कुकरेजा नागपुर से करीबन ३५ प्रतिष्ठित व्यापारियों के उल्हासनगर दौरा कर साधु संतों का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी व उद्योगपति उद्धव रूपचंदानी द्वारा नागपुर से आए हुए सभी अतिथियों का उल्हासनगर शहर में स्वागत किया गया। इसके बाद व्यापारी सेल प्रदेशाध्यक्ष विरेंद्र कुकरेजा व विधायक कुमार आयलानी के साथ सभी व्यापारियों ने स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में स्वामी देवप्रकाश महाराज, पूज्य साईं वसंशाह दरबार में साईं कालीराम साहेब, साईं ओमी राम साहेब व साईं छोटूराम साहेब तथा मधुसूधन आश्रम में मधुसूधन बापूजी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता जमनु पुरस्वानी, राजू जगयासी, राम चार्ली आदि भाजपा नेता उपस्थित थे।


# अवैध फेरीवालों पर मनपा ने की कार्रवाई

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



मनपा क्षेत्र के अंतर्गत नौपाडा-कोपरी प्रभाग समिति में अवैध फेरीवाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए बार-बार आवेदन पत्र को लेकर मनपा अतिक्रमण विभाग ने फेरीवालों पर कार्रवाई किया। नौपाडा कोपरी प्रभाग समिती के नारायण कोली चौक, अष्टविनायक चौक,12 बंगला परिसर, ठाणेकर वाडी, ठाणे रेल्वे स्टेशन (पूर्व)150 मीटर के अंतर्गत फेरीवालों पर कार्रवाई किया गया। 20 हाथ गाड़ी जब्त कर आने जाने वाले फुटपाथ को मुक्त कराया। यह कार्रवाई परिमंडल 2 के उपायुक्त शंकर पाटोले व सहायक आयुक्त सोपान भाईक के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने किया।

# पिता की गाड़ी में एसयूवी से टक्कर मारने वाले चालक का लाइसेंस होगा रद्द




**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले में गुस्से में आकर अपनी स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) से पिता की गाड़ी को टक्कर मारने वाले और चार लोगों को घायल करने वाले व्यक्ति का 'ड्राइविंग लाइसेंस' रद्द किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी सतीश कुमार शर्मा (38) को गिरफ्तार कर लिया गया है। परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार ने बताया कि पुलिस जांच पूरी होने के बाद महाराष्ट्र मोटर वाहन विभाग (एमएमवीडी) शर्मा का 'ड्राइविंग लाइसेंस' रद्द करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

## शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले में बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने एक स्कूल में घुसकर हंगामा किया और एक शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिसने कथित तौर पर एक छात्र की पिटाई की जिससे उसके सिर में चोटें आईं। अभिभावकों के अनुसार, जिस महिला शिक्षक ने कथित तौर पर छात्र को पीटा था, वह पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से छात्रों को अपशब्द कहती रही है तथा उन्हें अपने कुछ सहकर्मियों का बहिष्कार करने के लिए भी कहती थी। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ स्कूल में घुसे अभिभावकों ने दावा किया कि प्रबंधन से की गई पिछली शिकायतों का कोई नतीजा नहीं निकला।

# महिला मरीज को गलत तरीके से छूने के आरोप में चिकित्सक पर मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**



ठाणे जिले में एक चिकित्सक के खिलाफ 22 वर्षीय महिला मरीज को कथित तौर पर गलत तरीके से छूने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिल-फाटा क्षेत्र के डॉ. अब्दुल कुद्दुस ने 20 अगस्त को क्लिनिक में आई मरीज के साथ जांच के बहाने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। शिल-डायघर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि चिकित्सक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 और 76 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दो बजे
दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार
कड़ी मेहनत और लगन से महान चीजें मिलती हैं : कोबे ब्रायंट

# लापता बच्चों और महिलाओं का पता लगाना सरकार का कर्तव्य : कोर्ट



दोपहर संवाददाता | मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि लापता बच्चों और महिलाओं का पता लगाना सरकार का कर्तव्य है। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। अदालत ने मानव तस्करी रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) से भी जवाब मांगा तथा इसे रोकने के लिए महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग (एमएससीडब्ल्यू) से सुझाव आमंत्रित किए।

# रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े मुद्दों पर मंत्री तटकरे ने उठाया पुनर्वास का मुद्दा



**मुंबई/नई दिल्ली।** रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े मुद्दों पर गुरुवार को यहां मंत्री समूह की तीसरी बैठक हुई। इसमें महाराष्ट्र से महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने भाग लिया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में हुई बैठक में पर्यटन परियोजना के लिए भूमि के दीर्घकालिक पट्टे पर कराधान के मुद्दे पर चर्चा की गई।

### कई राज्यों के प्रतिनिधि थे शामिल

बैठक के बाद मंत्री अदिति तटकरे ने बताया कि इसमें उन्होंने राज्य के रियल एस्टेट क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों, विशेष रूप से पुरानी और जीर्ण-शीर्ण इमारतों के पुनर्विकास और मलिन बस्तियों के पुनर्वास से संबंधित मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि बैठक में उनके द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रूप से विचार करने और अगली बैठक में और इस पर विस्तार से चर्चा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल एस चीमा, गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई और केरल के वित्त मंत्री केएन बाल गोपाल शामिल थे।

# इकबाल सिंह चहल बने गृह विभाग के मुख्य सचिव

## विपक्ष ने पुराने मामलों को लेकर दागे सवाल

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई की बृहन्मुंबई महानगरपालिका के पूर्व कमिश्नर इकबाल सिंह चहल को गृह विभाग का मुख्य सचिव नियुक्त किया है। इसे लेकर अब विपक्ष सरकार पर हल्ला बोल रहा है। शिवसेना (UBT) के नेता और प्रवक्ता आनंद दुबे ने सरकार के इस फैसले पर कहा,'हिंदी में कहावत है जब सैंया भये कोतवाल तब डर काहेका। अगर सरकार में बैठे लोग आपके शुभचिंतक हो जाएं और आप अधिकारी हैं तो आपकी तो मौज ही मौज है। आज का ही उदाहरण देख लीजिए पूर्व बीएमसी कमिश्नर चहल को एसीएस होम नियुक्त किया गया है।'



### नए सिरे से जांच की मांग

शिवसेना (UBT) प्रवक्ता ने आगे कहा,'यह वही चहल हैं, जिनके बारे में यही सरकार कह रही थी की यह दोषी हैं। कोविड घोटाले, फर्नीचर स्कैम में ईडी का कैसे चल रहा है। ईओडब्ल्यू जांच कर रहा है और अचानक सरकार में बैठे लोग मेहरबान हो जाएं, तब एसीएस होम की लॉटरी लग जाती है। अब इसकी जांच कौन करेगा केंद्र में और राज्य में बीजेपी की सरकार है। क्या इसकी जांच नए सिरे से नहीं होनी चाहिए।

### वॉशिंग पाउडर लेकर क्यों घूमते हैं?

आगे विपक्ष ने आरोप लगाया कि जिन अधिकारियों पर आप (बीजेपी) आरोप लगाते हैं, क्या उन्हें ऐसे ही दोष मुक्त करके छोड़ दिया जाएगा? तो आप आरोप क्यूं लगाते हैं। ऐसे ही अजीत पवार पर 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया था और फिर उनके साथ सरकार में आ गए। ऐसा क्यों करते हैं। पूरी जांच क्यूं नहीं करते। वॉशिंग पाउडर लेकर क्यों घूमते हैं। जनता जनार्दन सब देख रही है। आने वाले चुनाव में वह इसका जवाब देगी।'

### ईडी-EOW कर रही है एक मामले की जांच

बता दें कि इकबाल सिंह चहल वहीं अधिकारी हैं, जो कोविड के समय बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बीएमसी कमिश्नर थे। तब बीजेपी ने चहल पर काफी गंभीर आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं कोविड स्कैम मामलों की जांच ईओडब्लू और ईडी द्वारा की जा रही है। ईओडब्ल्यू में कोविड स्केम को लेकर कुल 7 मामले दर्ज हैं, जिसमें महा विकास अघाड़ी के कई नेताओं से भी पूछताछ की जा चुकी है।

# '31 अगस्त तक भूमि सौंप दी जाए'

## बॉम्बे हाईकोर्ट की नई इमारत को लेकर सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकार को निर्देश



**मुंबई/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में बॉम्बे हाईकोर्ट की नई इमारत के निर्माण के लिए जमीन सौंपने की नई समयसीमा दी है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि 31 अगस्त तक भूमि को सौंप दिया जाए। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ को आज सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने बताया कि हाईकोर्ट को 10 सितंबर तक 4.39 एकड़ भूमि सौंपने की दिशा में काफी प्रगति हुई है।

### आचार संहिता लागू होने के दौरान भी निर्माण कार्य रहेगा जारी

बॉम्बे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने पीठ को यह इंगित किया कि राज्य सरकार को पूरी जमीन का कब्जा सौंपने और इस परियोजना को महत्व की परियोजना घोषित करने के लिए दो अलग-अलग सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी करने होंगे, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के दौरान भी निर्माण कार्य जारी रहे। इस दलील पर गौर करते हुए सीजेआई ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार इस संबंध में नए जीआर जारी करें और ऐसा उसे 31 अगस्त तक करना होगा। साथ ही 7 सितंबर तक सभी आवश्यक प्रशासनिक मंजूरी शीघ्रता से दे दी जाए। पीठ ने इस दौरान बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति से अनुरोध किया कि वह प्रगति का जायजा ले, ताकि काम 1 अक्टूबर तक पूरा हो जाए।

# एकनाथ खडसे ही भाजपा में वापसी के बारे में बता सकते : केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे

दोपहर संवाददाता | मुंबई

केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने अपने ससुर एकनाथ खडसे के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में फिर से शामिल होने को लेकर बयान दिया है। रक्षाने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के पूर्व विधान पार्षद (एमएलसी) ही पार्टी में शामिल होने की अपनी योजना का खुलासा कर सकते हैं। अपने ससुर की भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने संवाददाताओं से कहा कि केवल नाथाभाऊ ही भाजपा में वापसी के समय के बारे में बता सकते हैं।



### खडसे की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा का प्रभाव बढ़ा

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रमुख नेता एकनाथ खडसे को महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा का प्रभाव बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है और विधायी प्रक्रियाओं में उनकी कुशलता के लिए अक्सर उनकी सराहना की जाती है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में भाजपा के दिग्गज नेताओं में से एक रहे एकनाथ खडसे को 2016 में भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते तत्कालीन देवेंद्र फडणवीस सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उन्हें 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने टिकट देने से इनकार कर दिया। खडसे ने 2020 में पार्टी छोड़ दी और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (अविभाजित) में शामिल हो गए। खडसे ने इस साल अप्रैल में राकांपा के विधान परिषद सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया था और ऐसी अटकलें थीं कि वह फिर से भाजपा में शामिल हो रहे हैं। लेकिन तब से इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है।

# साहित्य का अल्फा पुरस्कार 2024 से पत्रकार राजेंद्र आकलेकर सम्मानित



**मुंबई।** साहित्य के लिए अल्फा पुरस्कार 2024 मुंबई में आंध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के हाथों लेखक और पत्रकार राजेंद्र बी. आकलेकर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर शामिल अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में पद्मश्री और डी.वाई. पाटिल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विजय पाटिल, एनटोड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के अध्यक्ष किशोर मसुरकर, अल्फा कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गवई और लॉरेंस एंड मेयो के निदेशक डॉ. विवेक मेंडोंसा शामिल थे।

इन पुरस्कारों की स्थापना डॉ. राजेंद्र गवई के नेतृत्व में अल्फा कम्युनिकेशंस द्वारा की गई थी। यह पुरस्कार क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया, जिसने जूरी का ध्यान और प्रशंसा आकर्षित की है, जिससे आकलेकर इस प्रतिष्ठित सम्मान के योग्य और योग्य प्राप्तकर्ता बन गए हैं।

# राकांपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

### सूची में अजित, प्रफुल्ल, छगन सहित 26 नाम शामिल

**मुंबई।** अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने जम्मू-कश्मीर में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए अपने स्टार प्रचारकों के नामों की घोषणा कर दी है। स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी के कुल 26 नेताओं को शामिल किया गया है। राकांपा महासचिव और जम्मू-कश्मीर के प्रभारी बृजमोहन श्रीवास्तव ने यहां पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। उन्होंने बताया कि सूची में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष अजित पवार, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सांसद सुनील तटकरे, छगन भुजबल, एस आर कोहली, बृजमोहन श्रीवास्तव, जलालुद्दीन, पार्थ पवार, उमाशंकर यादव, नवीन कुमार सहित कुल 26 चेहरे शामिल किए गए हैं। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में राकांपा अकेले दम पर विधानसभा चुनाव में उतरने जा रही है और लगभग डेढ़ दर्जन विधानसभा सीटों पर पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।



### वीरेन्द्र सिंह बनाए गए दिल्ली के नए अध्यक्ष

राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने वीरेन्द्र सिंह को दिल्ली राकांपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। लगभग चार महीने के बाद होने वाले दिल्ली विधानभा चुनाव के मद्देनजर वीरेन्द्र सिंह की नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि राकांपा दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है। राकांपा के महासचिव एस आर कोहली और बृजमोहन श्रीवास्तव ने वीरेन्द्र सिंह की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि श्री जैसे जमीनी नेता से पार्टी को राष्ट्रीय राजधानी में काफी उम्मीदें है।

# 'विजय वड्डेटीवार को माफी मांगनी चाहिए'

## शिवसेना प्रवक्ता डॉ. मनीषा कायंदे ने विपक्षी नेता पर साधा निशाना

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की बेबुनियाद आलोचना करने वाले विपक्षी नेता विजय वड्डेटीवार मुख्यमंत्री माफ़ी मांगे, ऐसी मांग शिवसेना सचिव एवं प्रवक्ता डॉ. मनीषा कायंदे ने की। मावल में हुए महिला दुष्कर्म मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी को मौत की सजा सुनाई थी। इस संबंध में मुख्यमंत्री के आए बयान की वड्डेटीवार ने आलोचना की थी। लेकिन अगर विपक्षी दल के नेता के पद पर बैठे व्यक्ति को यह नहीं पता कि किसी मामले में आरोपी को मौत की सजा दी गई है, तो इसका मतलब है कि उसकी पढ़ाई कमजोर है और होमवर्क कच्चा है, ऐसे कड़े शब्दों में डॉ. कायंदे ने विजय वड्डेटीवार पर फटकार लगाई।



### 'विपक्ष के पेट में दर्द'

डॉ. कायंदे ने वड्डेटीवार को फटकार लगाते हुए कहा कि राज्य को 18 घंटे काम करने वाले कर्मठ मुख्यमंत्री मिले हैं। मुख्यमंत्री लाडकी बहिण योजना अमीरों के लिए नहीं बल्कि सामान्य घर की महिलाओं के लिए लाई गई है, जो एक-एक पैसे की बचत करती हैं। जब से इस योजना की घोषणा हुई, तब से विपक्ष के पेट में दर्द शुरू हो गया है। विपक्ष के नेता इस योजना को बदनाम करने के लिए अलग-अलग कारण ढूंढ रहे हैं। वास्तव में इन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वड्डेटीवार और उनकी बेटी लोकसभा चुनाव में शिवसेना और बीजेपी में शामिल होना चाहते थे।

हर कोई जानता है कि आपमें से कितने लोग महायुति में शामिल होने के लिए और लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक थे। अब वड्डेटीवार सिर्फ विपक्ष का विरोध करने के लिए बेतुके बयान दे रहे हैं।

# बार्टी-सारथी के तर्ज पर मुस्लिमों के लिए बना एमआरटीआई

### छत्रपति संभाजीनगर में होगा मुख्यालय

दोपहर संवाददाता | मुंबई

प्रदेश सरकार ने मुस्लिमों समेत दूसरे अल्पसंख्यक समाज के लिए अल्पसंख्यक अनुसंसाधन व प्रशिक्षण संस्था (एमआरटीआई) स्थापित करने को मंजूरी दी है। राज्य में मुस्लिम, जैन, बौद्ध, क्रिश्चियन,ज्यू, सिख और पारसी धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय है। एमआरटीआई संस्था का कार्यालय छत्रपति संभाजी नगर में होगा। राज्य के अल्पसंख्य विकास विभाग की प्रधान सचिव डॉ रिचा बागला ने एमआरटीआई स्थापित करने के बारे में शासनादेश जारी किया है। एमआरटीआई राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास से संबंधित समस्याओं का अध्ययन करके सरकार को सुझाव और आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण देगी।

### अल्पसंख्यक समाज की उन्नति के लिए एमआरटीआई संस्था बनाने का फैसला



सरकार ने राज्य की बार्टी, सारथी और महाज्योति संस्था के तर्ज पर एमआरटीआई संस्था स्थापित करने को मंजूरी दी है। सरकार ने अल्पसंख्यक समाज के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक व संस्कृतिक उन्नति के लिए एमआरटीआई संस्था बनाने का फैसला किया है। एमआरटीआई के लिए 11 पदों के सृजन को मान्यता दी है। एमआरटीआई के स्थापना के लिए फिलहाल निदेशक पद के अलावा बाकी के 10 पदों के लिए उच्चस्तरीय सचिव समिति से मंजूरी लेना होगा। जबकि निदेशक पद के लिए कार्योत्तर मंजूरी ली जाएगी। एमआरटीआई के मंजूर पदों के वेतन, कार्यालयीन खर्च और अल्पसंख्यकों के पिछड़ेपन का अध्ययन व प्रशिक्षण के लिए 6 करोड़ 25 लाख रुपए के खर्च को स्वीकृति दी गई है।

# प्रधानमंत्री 25 अगस्त को 11 लाख लखपति दीदियों को देंगे प्रमाणपत्र

## जलगांव में सम्मान कार्यक्रम

**मुंबई/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त को देश की लखपति दीदियों को प्रमाणपत्र सौंपेंगे। इस दिन 11 लाख दीदियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। यह सम्मान कार्यक्रम महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित होगा। यह जानकारी यहां केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी। चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 अगस्त को जलगांव में आयोजित समारोह में लखपति दीदियों के साथ संवाद करेंगे।



### 2500 करोड़ रूपए का रिवॉल्विंग फंड-सामुदायिक निवेश फंड भी जारी

इस दौरान 2500 करोड़ रूपये का रिवॉल्विंग फंड-सामुदायिक निवेश फंड भी जारी करेंगे। इसका लाभ 4 .3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री 5,000 करोड़ रूपये का बैंक ऋण जारी करेंगे, जिससे 2,35,400 स्वयं सहायता समूहों के 25 .8 लाख सदस्यों को लाभ होगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि देश भर में 34 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की राजधानियों में लगभग 30,000 स्थानों के जिला मुख्यालयों, सीएलएफ वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

संपादकीय

# दूध की सुध

यह मानवीय मूल्यों के पराभव की पराकाष्ठा है कि दूध की जगह रासायनिक पदार्थों से बना जहरीला पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहा है। हकीकत में दूध दुनिया में सबसे ज्यादा मिलावटी खाद्य पदार्थ है, लेकिन भारत में यह संकट बड़ा है। वैसे भारत पिछले दो दशक से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। लेकिन लगातार पशुधन संख्या में गिरावट के बावजूद दूध से जुड़े आंकड़े संदेह भी पैदा करते हैं। दूध में पानी मिलाने की कथाएं तो सदियों पुरानी हैं। लेकिन हाल के दशकों में उन खबरों ने डराया है, जिनमें कहा गया कि आपराधिक मानसिकता के मुनाफाखोर दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, ग्लुकोज और फॉर्मेलिन आदि मिला रहे हैं। विडंबना देखिये कि सदियों से कहा जाता रहा है कि दूध बलवर्धक व स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है। आज के दौर में खाने-पीने की चीजों में तमाम रासायनिक पदार्थों की मिलावट के बाद एक दूध से उम्मीद होती है कि बच्चे दूध पीकर तंदुरुस्त बनें। लेकिन जब वे रासायनिक पदार्थों से बना दूध पीएंगे तो उनका क्या स्वास्थ्य सुधरेगा? कल्पना कीजिए कि किसी मरीज को डॉक्टर स्वस्थ होने के लिये दूध पीने को कहे और वह नकली दूध पीने से और बीमार पड़ जाए। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंडों पर भी लगातार नकली दूध की चाय बिकने की शिकायतें आती रही हैं। कुछ वर्ष पहले उ.प्र. के एक रेलवे स्टेशन में सफेद रंग से बने दूध की चाय बिकने की शिकायत सामने आई थी। लेकिन इसके बावजूद इस मिलावट पर अंकुश लगाने के लिये हितधारकों की तरफ से कोई गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते। यह दुखद ही है कि हर घर में प्रयुक्त होने वाले दूध की गुणवत्ता में भारी गिरावट के बाद भी शासन-प्रशासन की दृष्टि में यह गंभीर मुद्दा नहीं है। न ही राजनीतिक दल ही इस गंभीर मुद्दे को संबोधित करते हैं। जिसकी वजह से मिलावट करने वालों के हौसले बुलंद हैं। बहरहाल, आज यदि समाज में सेहत के लिये घातक रासायनिक पदार्थों से बना नकली दूध धड़ल्ले से बिक रहा है तो स्वाभाविक प्रश्न है कि जिन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के पास खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने का जिम्मा है, क्या वे ईमानदारी से अपने दायित्वों को निभा रहे हैं? दरअसल, इन मलाईदार पदों पर नियुक्ति में जिस तरह धनबल व राजनीतिक बल चलता है, वह पद कालांतर सोने का अंडा देने वाली मुर्गी में बदल जाता है। तभी दिवाली आदि त्योहारों में मिठाई के लिये बाजार में दूध, मावे और पनीर की बाढ़ आ जाती है, लेकिन ऐसी स्थिति वर्ष के शेष महीनों में नहीं होती। सवाल स्वाभाविक है कि दिवाली व अन्य त्योहारों के समय दूध व उसके उत्पादों से जो बाजार भर जाता है, साल के शेष महीनों में वह दूध आदि क्यों नजर नहीं आता? इस खेल की तह तक जाने की जरूरत है। वहीं क्या उपभोक्ताओं को मिलावटी दूध से स्वास्थ्य को पैदा होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया जाता है? विडंबना देखिए कि पंजाब, जहां प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता देश में सर्वाधिक है, वह मिलावटी दूध के दाग को धोने के लिये संघर्षरत है। पिछले तीन वर्षों में राज्य में एकत्र किए गए दूध व दूध से बने उत्पादों के लगभग 18 प्रतिशत नमूने फेल हुए हैं। वहीं दूध-दही के खाने के लिये प्रसिद्ध हरियाणा में भी 28 फीसदी नमूने मानक कसौटी पर खरे नहीं उतरे । जैसे-जैसे त्योहारी सीजन नजदीक आ रहा है नमूने भरने, तलाशी लेने और मिलावट करने वालों की धरपकड़ की रस्मी कार्रवाई तेज हो जाएगी। लेकिन अब तक सुना नहीं गया कि किसी दोषी को कोई बड़ी सजा मिली हो। दरअसल, इन मामलों में कड़ी सजा न मिलने से मिलावट करने वालों के हौसले बुलंद रहते हैं। उन्हें पता है कि आखिरकार येन-केन-प्रकारेण वे बच ही जाएंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि आम उपभोक्ता के लिये दूध में मिलावट की पहचान करने वाली किट बाजार में सहजता से उपलब्ध हों। इस किट को किफायती, उपयोगकर्ता के अनुकूल तथा सटीक जानकारी देने वाला बनाया जाए। खाद्य सुरक्षा एजेंसियों को उत्पादों की जांच, नमूने लेने तथा दोषी पाये जाने पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

शख्सियत | तंगुतुरी प्रकाशम

## स्वतंत्रता सेनानी और आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री



टी. प्रकाशम, जिन्हें तंगुतुरी प्रकाशम पंतुलु के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। उन्हें आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें आंध्र केसरी के नाम से संबोधित किया जाता था, जिसका अर्थ था आंध्र का शेर। आंध्र प्रदेश सरकार ने उनकी जयंती को राज्य उत्सव घोषित किया।

टी. प्रकाशम का जन्म 23 अगस्त 1872 को विनोदा रायडू पालेम, आंध्र प्रदेश में माता-पिता वेंकट नरसिम्हम और सुब्बम्मा के घर हुआ था। वे एक तेलुगु ब्राह्मण नियोगी परिवार से थे। तंगुतुरी अपनी मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण करने में असफल रहे। अंततः वह मद्रास (अब चेन्नई) स्थानांतरित होने और द्वितीय श्रेणी के वकील बनने में सफल रहे। वर्ष 1904 में राजमुंदरी के नगरपालिका अध्यक्ष के रूप में चुने गये। दिसंबर 1921 में अहमदाबाद सत्र में तंगुतुरी प्रकाशम को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के महासचिव के रूप में चुने गए थे। वर्ष 1922 में उन्होंने असहयोग आंदोलन के दौरान गुंटूर में 30,000 कांग्रेस स्वयंसेवकों के साथ एक प्रदर्शन का आयोजन किया। वर्ष 1926 में, प्रकाशम कांग्रेस पार्टी के टिकट पर केंद्रीय विधान सभा के लिए चुने गए। तंगुतुरी प्रकाशम पंतुलु ने 1930 में विधायक पद से इस्तीफा दे दिया जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सभी विधायकों से इस्तीफा देने का अनुरोध किया। बाद में महात्मा गांधी द्वारा दांडी मार्च के साथ नमक कर कानून तोड़ने के फैसले के बाद उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

1 अक्टूबर 1953 को आंध्र प्रदेश की स्थापना के बाद प्रकाशम, जो प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य थे, को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री के पद की पेशकश की गई थी। केवल तभी जब वह प्रजा सोशलिस्ट पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। राज्य के मुख्यमंत्री बनने के लिए अंततः उन्होंने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी छोड़ दी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य बन गए। 20 मई 1957 को उनका निधन हो गया।

# निर्यात और निवेश के समक्ष नई चुनौतियां

जयंतीलाल भंडारी



हालिया आंकड़ों के अनुसार भारत से वस्तुओं का निर्यात जुलाई 2024 में सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटकर 33.98 अरब डॉलर रहा। पिछले साल इसी महीने में निर्यात का मूल्य 34.39 अरब डॉलर था। जहां इस समय भारतीय निर्यातक बांग्लादेश के सियासी हालात को लेकर चिंतित हैं, वहीं वे चीन को किए जा रहे निर्यात में कमी से भी चिंतित हैं। साथ ही निर्यातकों को विदेशी बाजारों में कमजोर मांग और व्यापार में अन्य बाधाओं से जूझना पड़ रहा है। पिछले दिनों भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एग्जिम बैंक) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के वस्तु निर्यात में वृद्धि जुलाई से सितंबर 2024 की तिमाही में घटकर 4 फीसदी रह सकती है। कहा गया है कि इस समय वैश्विक परिदृश्य विभिन्न आर्थिक और राजनीतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित होने के कारण भारत के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

निस्संदेह, इन दिनों बांग्लादेश के राजनीतिक संकट, भयावह होते रूस-युक्रेन युद्ध, इस्राइल-ईरान संघर्ष और अमेरिका व जापान सहित दुनिया के कई देशों में मंदी की लहर के कारण भारत से निर्यात की रफ्तार और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की चुनौतियां बढ़ गई हैं। एक अगस्त से सरकार ने चीन सहित सीमावर्ती देशों से भारत में विनिर्माण परियोजनाओं से जुड़े टेक्नीशियनों के लिए नई वीजा व्यवस्था लागू कर दी है। वर्ष 2024-25 के आम बजट में भी इस परिप्रेक्ष्य में कारगर रणनीतियां दिखाई दे रही हैं। साथ ही वाणिज्य विभाग निर्यात प्रोत्साहन की दो महत्वपूर्ण योजनाओं को उनकी समाप्ति तिथि से आगे बढ़ने पर जोर दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि राजनीतिक अस्थिरता से भारत-बांग्लादेश व्यापार पर नया संकट खड़ा हो गया है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है तथा बांग्लादेश भारत का 8वां सबसे बड़ा निर्यात बाजार भी है। पिछले वर्ष 2023-24 में भारत ने बांग्लादेश को 11 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात किया है।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जून, 2024 की पहली तिमाही में जहां निर्यात धीमी रफ्तार से बढ़े हैं, वहीं आयात की रफ्तार अधिक रहने से विदेश व्यापार घाटे में वृद्धि हुई है। इन तीन महीनों में कुल निर्यात 200.33 अरब डॉलर मूल्य के रहे हैं, जिसमें वस्तु निर्यात 109.96 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 90.37 अरब डॉलर मूल्य के हैं। जबकि कुल आयात 222.90 अरब डॉलर मूल्य के हैं। जिसमें वस्तु आयात 172.23 अरब डॉलर और सेवा आयात 50.67 अरब डॉलर मूल्य के हैं। चूंकि इस वित्त वर्ष में भारत द्वारा कुल निर्यात का लक्ष्य पिछले वर्ष के कुल 776 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात से भी कुछ अधिक 800 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि वैश्विक सुस्ती व बड़े देशों के बीच युद्ध की तनातनी से देश के एफडीआई परिदृश्य पर भी चुनौतियां बढ़ी हैं। भारत में एफडीआई का प्रवाह 2023-24 में 3.49 प्रतिशत घटकर 44.42 अरब डॉलर रह गया। इसका कारण सेवा, कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, ऑटो और फार्मा जैसे क्षेत्रों में निवेश का कम रहना है। 2022-23 के दौरान एफडीआई का प्रवाह 46.03 अरब डॉलर था। पिछले वर्ष कुल एफडीआई जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल हैं- एक प्रतिशत घटकर 70.95 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2022-23 में यह 71.35 अरब अमेरिकी डॉलर था।

एक, वर्ष 2024-25 के बजट के तहत निर्यात बढ़ाने और एफडीआई आकर्षित करने के लिए सुनिश्चित किए गए अभूतपूर्व बजट आवंटनों का शुरुआत से ही कारगर उपयोग किया जाए। दो, सेवा निर्यात को हरसंभव तरीके से बढ़ाया जाए और सेवा क्षेत्र में एफडीआई आकर्षित की जाए। तीन, निर्यातकों को शुल्क के अलावा आने वाली बाधाओं (नॉन-टैरिफ बैरियर) से राहत दी जाए तथा एफडीआई की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाए तथा चार, नए संभावित निर्यात बाजार तलाशे जाएं और एफडीआई के नए वैश्विक निवेशक खोजे जाएं। इसमें कोई दोमत नहीं है कि एक अगस्त से लागू की गई व्यापार वीजा की नई व्यवस्था निर्यात व निवेश बढ़ाने में लाभप्रद होगी। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर सशक्त बनाया है। साथ ही इस सेक्टर के आयात में कमी के मद्देनजर प्रावधान किए गए हैं। नए बजट से सरकार ने जरूरी इकोसिस्टम को तैयार कर ठंडे पड़े मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जान फूंकने और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम को मजबूती देने के प्रावधान किए हैं। नए बजट में मशीनरी की खरीदारी के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम लांच की गई है। इस स्कीम के तहत सेल्फ फाइनेंसिंग गारंटी फंड बनाया जाएगा जिसके तहत 100 करोड़ रुपए तक के लोन की गारंटी होगी। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कुछ वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी गई है और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के इस्तेमाल से जुड़े नियम सरल बनाए गए हैं, जो व्यापार नीति के लिहाज से सकारात्मक उपाय हैं।

सहज योग


## तीनों नाड़ियों के बीच संतुलन होना जरूरी



पहला चक्र मूलाधार, दूसरा स्वादिष्ठान, तीसरा नाभि चक्र, चौथा चक्र अनाहद, पांचवा चक्र विशुद्धि और छठवां चक्र आज्ञा और सातवा मुख्य चक्र है सहस्त्रार है।

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी प्रणित सहज योग आत्मज्ञान को प्राप्त करने की अत्यंत सरल, सुलभ और सहज ध्यान पद्धति है। यह परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति से जुड़ने का सरल एवं सिद्ध मार्ग है।

अधिकतर लोग जानते हैं कि परमात्मा का वास मनुष्य के भीतर है, लेकिन बहुत कम लोगों ने इसका अनुभव किया है। परमात्मा की सर्वव्यापकता शक्ति का प्रतिबिम्ब कुंडलिनी के रूप में हर व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी के निचले छोर पर स्थित पवित्र त्रिकोणकार अस्थि में सुप्तावस्था में विद्यमान है। मनुष्य के शरीर में मुख्यतः तीन नाड़ियां होती हैं। इड़ा,पिंगला और सुषुम्ना है। इड़ा नाड़ी इच्छा शक्ति और भूतकाल से संबंधित है, जबकि पिंगला नाड़ी क्रिया शक्ति और भविष्य काल से सबंधित है। सुषुम्ना नाड़ी वर्तमान काल से संबंधित हैं। इसके अलावा सात चक्र होते हैं। पहला चक्र मूलाधार, दूसरा स्वादिष्ठान, तीसरा नाभि चक्र, चौथा चक्र अनाहद, पांचवा चक्र विशुद्धि और छठवां चक्र आज्ञा और सातवां मुख्य चक्र है सहस्त्रार है। सहजयोग में तीनों नाड़ियों के बीच संतुलन होना जरूरी है। नाड़ियों के संतुलन के बाद ही हमारी कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है। कुंडलिनी शक्ति के जागृत होने के बाद वह सातों चक्रों का भेदन करते हुए, परम तत्व से एकाकार हो जाती है। उसके बाद हमें परमचैतन्य का अनुभव करते हैं।



इस ईश्वरीय शक्ति के जागृत होने पर मानव के सृजनात्मक व्यक्तित्व व उत्तम स्वास्थ्य का विकास होने लगता है और उसकी अंतर्जात प्रतिभा खिल उठती है। उस पर परमात्मा की कृपा बरसने लगती है। मनुष्य तनाव रहित जीवन, निःस्वार्थ प्रेम एवं आनंद की स्थिति में स्थापित होने लगता है।

**सहय योग के लाभ :** सहजयोग के नियमित अभ्यास से मनुष्य का मानसिक विकास होता है। इसके अलावा साथ ही के स्वास्थ कैंसर, ब्लड प्रेशर, हाइपर टेंशन और ह्रदय के रोगियों को भी लाभ होता है। **सहज योग का महत्व :** योग करने से न केवल बीमारियों को दूर रखा जा सकता है, बल्कि मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिल सकती है। खासकर विद्यार्थियों के लिए तो योग अमृत के समान है। जो विद्यार्थी योग को अपने जीवन में नियमित रूप से शामिल करते हैं वे न केवल पढ़ाई में अव्वल आते रहते हैं, साथ ही अन्य गतिविधियों में भी उनका कोई मुकाबला नहीं रहता।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | कोबे ब्रायंट : जन्म- 23 अगस्त 1978 | जन्म

## कड़ी मेहनत और लगन से महान चीजें मिलती हैं

कोबे ब्रायंट का जन्म 23 अगस्त 1978 को पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया में हुआ। वह महान अमेरिकी बास्केट बॉल खिलाड़ियों में एक थे, जिन्होंने टीम यूएसए की 2008 और 2012 की ओलंपिक जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। 26 जनवरी 2020 को कोबे ब्रायंट और उनकी 13 वर्षीय बेटी की हेलिकॉप्टर दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण मौत हो गई।



सबसे महत्वपूर्ण बात लोगों को कोशिश करते रहने के लिए प्रेरित करना हैं। ताकि वे अपने सपनो को साकार कर सके। जब आप जान जाते हो कि असफल होने पर कैसा महसूस होता है, तो आप दृढ़ संकल्प से सफलता का पीछा करने लग जाते हैं। नकारात्मक दबाव, चुनौतियां सब कुछ मेरे लिए ऊपर उठने का एक अवसर है। मेरे अंदर उन आलसी लोगो जैसा कुछ नहीं है जो अपनी असफलता के लिए दूसरों को दोषी ठहराते हैं। महान काम कड़ी मेहनत और लगन से होते हैं, किसी बहाने से नहीं। अगर आपकी मनःस्थिति सही हैं तो आपको कोई नही डरा सकता। मेरे माता-पिता मेरी रीढ़ हैं। यदि आप जीरो स्कोर करे या 40 स्कोर करे, वे हमेशा आपका समर्थन करेंगे। जिस क्षण आप हार मान लेते हैं, उस क्षण आप दूसरों को जीतने का मौका दे देते हैं। अगर आप असफल होने से डरते हैं, तो आप शायद असफल होने जा रहे हैं। किसी काम को शुरुआत से ही अच्छा करो, बाद में होने वाली समस्याओं से बचने के लिए हम हमेशा औसत रह सकते हैं और सामान्य काम कर सकते हैं। लेकिन मैं सामान्य बनने के लिए पैदा नहीं हुआ। हेटर्स (नफरत करने वाले) एक अच्छी समस्या है। किसी को भी अच्छे लोगों से नफरत नहीं होती है।

वे महान लोगों से नफरत करते हैं। आप इस बात के लिए ज़िम्मेदार हैं कि लोग आपको कैसे याद करे या कैसे नहीं। या आप कंट्रोल कर सकते हैं। इसलिए इसे हल्के में न लें। अगर आपकी मनःस्थिति सही हैं तो आपको कोई नही डरा सकता।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

# बगलामुखी मंत्र जप एवं हवन पूजन



करने से पहले ध्यान रखें आजकल एक कुप्रथा चल पड़ी है कि पूजन आरंभ होते हीं रूमाल निकाल कर सर पर रख लेते हैं और कर्मकांड के लोग भी नहीं मना करते जबकि पूजा में सिर ढकने को शास्त्र निषेध करता है। शौच के समय हीं सिर ढकने को कहा गया है। प्रणाम करते समयजप व देव पूजा में सिर खुला रखें। तभी शास्त्रोचित फल प्राप्त होगा।

शास्त्र क्या कहते हैं आइए देखते हैं

**उष्णीषो कञ्चुकी चात्र**
**मुक्तकेशी गलावृतः ।**
**प्रलपन् कम्पनश्चैव तत्कृतो**
**निष्फलो जपः ॥**

अर्थात् पगड़ी पहनकरकुर्ता पहनकर नग्न होकरशिखा खोलकर कण्ठको वस्त्रसे लपेटकर, बोलते हुए और काँपते हुए जो जप किया जाता हैवह निष्फल होता है ।

**शिरः प्रावृत्य कण्ठं वा**
**मुक्तकच्छशिखोऽपि वा ।**
**अकृत्वा पादयोः**
**शौचमाचांतोऽप्यशुचिर्भवेत् ।।**



**कुर्म पुराण**

अर्थात् सिर या कण्ठ को ढककर शिखा तथा कच्छलांगपिछोटाखुलने परबिना पैर धोये आचमन करने पर भी अशुद्ध रहता हैंअर्थात् पहले सिर व कण्ठ पर से वस्त्र हटायेशिखा व कच्छ बांधेफिर पाँवों को धोना चाहिएफिर आचमन करने के बाद व्यक्ति शुद्धदेवयजन योग्य होता है।

**सोपानस्को जलस्थो वा नोष्णीषी**
**वाचमेद् बुधः।**
**कुर्म पुराणश्लोक**

अर्थात्तबुध्दिमान् व्यक्ति को जूता पहनें हुएजल में स्थित होने परसिर पर पगड़ी इत्यादि धारणकर आचमन नहीं करना चाहिए ।

**शिरः प्रावृत्य वस्त्रोण ध्यानं नैव**
**प्रशस्यतेकर्मठगुरू**

वस्त्र से सिर ढककर भगवान का ध्यान नहीं करना चाहिए ।

**उष्णीशी कञ्चुकी नग्नो**
**मुक्तकेशो गणावृत**
**अपवित्रकरोऽशुद्धः प्रलपन्न**
**जपेत् क्वचित्**
**शब्द कल्पद्रुम**

तात्पर्य शिर ढककरसिला वस्त्र धारण करबिना कच्छ केशिखा खुलीं होने पर गले के वस्त्र लपेटकर ।

अपवित्र हाथों सेअपवित्र अवस्था में और बोलते हुए कभी जप नहीं करना चाहिए ।

**न जल्पंश्च न** प्रावृतशिरास्तथा।

**योगी याज्ञवल्क्य**

अर्थात् न वार्ता करते हुए और न सिर ढककर।

**अपवित्रकरो नग्नः शिरसि प्रावृतोऽपि**
**वा ।प्रलपन् प्रजपेद्यावत्तावत्**
**निष्फलमुच्यते ।।रामार्च्चनचन्द्रिकायाम्**

अर्थात् अपवित्र हाथों सेबिना कच्छ केसिर ढककर जपादि कर्म जैसे किये जाते हैं, वैसे ही निष्फल होते जाते हैं । शिव महापुराण उमा खण्ड सिर पर पगड़ी रखकरकुर्ता पहनकर नंगा होकरबाल खोलकर गले के कपड़ा लपेटकरअशुद्ध हाथ लेकरसम्पूर्ण शरीर से अशुद्ध रहकर और बोलते हुए कभी जप नहीं करना चाहिए।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## मन

सुबह होते ही, एक भिखारी नरेन्द्रसिंह के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, नरेन्द्रसिंह बाहर आये पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां नरेन्द्रसिंह की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगी- 'अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। नरेन्द्रसिंह दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोककर कहा- भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजियेगा। वहीं पर खड़े नरेन्द्रसिंह के एक मित्र ने उससे पूछा- मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? नरेन्द्रसिंह ने मुस्कुराते हुए कहा- मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो!

मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास करें।

## दुष्ट लोमड़ी

एक लोमड़ी जंगल में घूम रही थी। वो शिकार करने में बहुत माहिर थी । एक दिन कोई बड़ा शिकार हाथ लगा । उसके हाथ लगे शिकार को हड़बड़ी से खाने के कारण हड्डी गले में फस गई । दर्द से चिल्लाते हुए कहा, कोई मेरी मदत करो। एक सारस को उसकी हालत देखते हुए बहुत दया आई ।उसने लोमड़ी से बोला, आप अपना मुंह खोलो, सारस ने बड़ी चोंच से गले में फसी हड्डी निकाल दी। लोमड़ी ने चैन की सास ली । सारस ने मजाक में कहा, आपकी गले में फसी हड्डी निकाल दी इसलिए मुझे कुछ तो इनाम दीजिए । लोमड़ी आगबबूला हुई, तेरी हिम्मत कैसे हुई, इनाम मांगने की, तू नही तो कोई और कर लेता मेरी मदत । तुम्हारी चोंच मेरे मुंह के अंदर थी मन तो कर रहा था की खा लूं । पर हड्डी से गले में दर्द ज्यादा था इसलिए नही खाया । मेरा इरादा बदल जाए उसके पहले मेरे नजरो से दफा हो जाओ । दुष्ट इंसान की कितनी भी सहायता कर लो वे एहसान नहीं मानते ।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

कविता

## क्योंकि सपना है अभी भी

धर्मवीर भारती

...क्योंकि सपना है अभी भी
इसलिए तलवार टूटी अश्व घायल
कोहरे डूबी दिशाएं
कौन दुश्मन, कौन अपने लोग, सब कुछ
धुंध धूमिल
किन्तु कायम युद्ध का संकल्प है अपना
अभी भी
...क्योंकि सपना है अभी भी!
तोड़ कर अपने चतुर्दिक का छलावा
जब कि घर छोड़ा, गली छोड़ी, नगर
छोड़ा
कुछ नहीं था पास बस इसके अलावा
विदा बेला, यही सपना भाल पर तुमने
तिलक की तरह आँका था
(एक युग के बाद अब तुमको कहां याद
होगा?)
किन्तु मुझको तो इसी के लिए जीना और
लड़ना
है धधकती आग में तपना अभी भी
....क्योंकि सपना है अभी भी!
तुम नहीं हो, मैं अकेला हूँ मगर
वह तुम्ही हो जो
टूटती तलवार की झंकार में
या भीड़ की जयकार में
या मौत के सुनसान हाहाकार में
फिर गूंज जाती हो
और मुझको
ढाल छूटे, कवच टूटे हुए मुझको
फिर तड़प कर याद आता है कि
सब कुछ खो गया है - दिशाएं, पहचान,
कुंडल,कवच
लेकिन शेष हूँ मैं, युद्धरत् मैं, तुम्हारा मैं
तुम्हारा अपना अभी भी
इसलिए, तलवार टूटी, अश्व घायल
कोहरे डूबी दिशाएं
कौन दुश्मन, कौन अपने लोग, सब कुछ
धूंध धुमिल
किन्तु कायम युद्ध का संकल्प है अपना
अभी भी
... क्योंकि सपना है अभी भी!

गजल

## मंज़र

मिरी आँखों में जब भी तेरे मंज़र बैठ जाते हैं
तो इन ख़ाली सफ़ीनों में समुंदर बैठ जाते हैं

कहा किस ने ठिकाने पर क़लंदर बैठ जाते हैं
ब-ज़ाहिर फिरते रहते हैं पर अंदर बैठ जाते हैं

मुझे दुनिया के ता'नों पर कभी ग़ुस्सा नहीं आता
नदी की तह में जा के सारे पत्थर बैठ जाते हैं

यूँ उठ उठ कर हमारा बोलना दिखलाए महरूमी
वो जिन को यार हो जाए मयस्सर बैठ जाते हैं

हमीं को शाम ने तन्हा रखा वर्ना ये वो पल हैं
कि दिन और रात भी मिलने उफ़ुक़ पर बैठ जाते हैं

ऐ आवारा ख़यालो अश्क-बारी में तो रुक जाओ
परिंदे भी तो बारिश में सिमट कर बैठ जाते हैं

हमारा और उन का रब्त है बस हाज़िरी तक ही
वो रस्मन नाम लेते हैं हम उठ कर बैठ जाते हैं

बड़े चर्चे हैं 'आलम' आप की ख़ाना-ख़राबी के
ख़ुदा का शुक्र है मक़्ते में आ कर बैठ जाते हैं

मुकेश आलम

# चमड़े का अहाता

कहानी : दीपक शर्मा



शहर की सबसे पुरानी हाइड-मार्किट हमारी थी। हमारा अहाता बहुत बड़ा था। हम चमड़े का व्यापार करते थे। मरे हुए जानवरों की खालें हम ख़रीदते और उन्हें चमड़ा बनाकर बेचते। हमारा काम अच्छा चलता था। हमारी ड्योढ़ी में दिन भर ठेलों व छकड़ों की आवाजाही लगी रहती। कई बार एक ही समय पर एक तरफ. यदि कुछ ठेले हमारे गोदाम में धूल-सनी खालों की लदानें उतार रहे होते तो उसी समय दूसरी तरफ़ तैयार, परतदार चमड़ा एकसाथ छकड़ों में दबवाया जा रहा होता। ड्योढ़ी के ऐन ऊपर हमारा दुमंज़िला मकान था। मकान की सीढ़ियाँ सड़क पर उतरती थीं और ड्योढ़ी व अहाते में घर की औरतों व बच्चों का कदम रखना लगभग वर्जित था। हमारे पिता की दो पत्नियाँ रहीं। भाई और मैं पिता की पहली पत्नी से थे। हमारी माँ की मृत्यु के बाद ही पिता ने दूसरी शादी की थी। सौतेली माँ ने तीन बच्चे जने परंतु उनमें से एक लड़के को छोड़कर कोई भी संतान जीवित न बच सकी। मेरा वह सौतेला भाई अपनी माँ की आँखों का तारा था। वे उससे प्रगाढ़ प्रेम करती थीं। मुझसे भी उनका व्यवहार ठीक-ठाक ही था। पर मेरा भाई उनको फूटी आँख न सुहाता। भाई शुरू से ही झगड़ालू तबीयत का रहा। उसे कलह व तकरार बहुत प्रिय थी। हम बच्चों के साथ तो वह तू-तू, मैं-मैं करता ही, पिता से भी बात-बात पर तुनकता और हुज़्ज़त करता। फिर भी पिता उसे कुछ न कहते। मैं अथवा सौतेला स्कूल न जाते या स्कूल का पढ़ाई के लिए न बैठते या रात में पिता के पैर न दबाते तो पिता से खूब घुड़की खाने को मिलती मगर भाई कई-कई दिन स्कूल से ग़ायब रहता और पिता फिर भी भाई को देखते ही अपनी ज़ुबान अपने तालु के साथ चिपका लेते। रहस्य हम पर अचानक ही खुला। भाई ने उन दिनों कबूतर पाल रखे थे। सातवीं जमात में वह दो बार फेल हो चुका था और उस साल इम्तिहान देने का कोई इरादा न रखता था। कबूतर छत पर रहते थे। अहाते में खालों के खमीर व मांस के नुचे टुकड़ों की वजह से हमारी छत पर चीलें व कव्वे अकसर मँडराया करते। भाई के कबूतर इसीलिए बक्से में रहते थे। बक्सा बहुत बड़ा था। उसके एक सिरे पर अलग-अलग खानों में कबूतर सोते और बक्से के बाकी पसार में वे उड़ान भरते, दाना चुगते, पानी पीते और एक-दूसरे के संग गुटर-गूँ करते। भाई सुबह उठते ही अपनी कॉपी के साथ कबूतरों के पास जा पहुँचता। कॉपी में कबूतरों के नाम, मियाद और अंडों व बच्चों का लेखा-जोखा रहता। सौतेला और मैं अकसर छत पर भाई के पीछे-पीछे आ जाते। कबूतरों के लिए पानी लगाना हमारे ज़िम्मे रहता। बिना कुछ बोले भाई कबूतरोंवाली खाली बाल्टी हमारे हाथ में थमा देता और हम नीचे हैंड पंप की ओर लपक लेते। उन्नीस सौ पचास वाले उस दशक में जब हम छोटे रहे, तो घर में पानी हैंड पंप से ही लिया जाता था। गर्मी के उन दिनों में कबूतरों वाली बाल्टी ठंडे पानी से भरने के लिए सौतेला और मैं बारी-बारी से पहले दूसरी दो बाल्टियाँ भरते और उसके बाद ही कबूतरों का पानी छत पर लेकर जाते। आज क्या लिखा? बाल्टी पकड़ाते समय भाई को टोहते। कुछ नहीं, भाई अकसर हमें टाल देता और हम मन मसोसकर कबूतरों को दूर से अपलक निहारते रहते। उस दिन हमारे हाथ बाल्टी लेते समय भाई ने बात खुद छेड़ी, आज यह बड़ी कबूतरी बीमार हैं। देखें, सौतेला और मैं खुशी से उछल पड़े। ध्यान से, भाई ने बीमार कबूतरी मेरे हाथ में दे दी। सौतेले की नज़र एक हट्टे-कट्टे कबूतर पर जा टिकी। क्या मैं इसे हाथ में ले लूँ? सौतेले ने भाई से विनती की। यह बहुत चंचल है, हाथ से निकलकर कभी भी बेकाबू हो सकता है। मैं बहुत ध्यान से पकड़ूँगा। भाई का डर सही साबित हुआ। सौतेले ने उसे अभी अपने हाथों में दबोचा ही था कि वह छूटकर मुंडेर पर जा बैठा। भाई उसके पीछे दौड़ा। ख़तरे से बेख़बर कबूतर भाई को चिढ़ाता हुआ एक मुंडेर से दूसरी मुंडेर पर विचरने लगा। तभी एक विशालकाय चील ने कबूतर पर झपटने का प्रयास किया। कबूतर फुर्तीला था। पूरी शक्ति लगाकर फरार हो गया। चील ने तेज़ी से कबूतर का अनुगमन किया। भाई ने बढ़कर पत्थर से चील पर भरपूर वार किया, लेकिन ज़रा देर फड़फड़ाकर चील ने अपनी गति त्वरित कर ली। देखते-देखते कबूतर और चील हमारी आँखों से ओझल हो गए। ताव खाकर भाई ने सौतेले को पकड़ा और उसे बेतहाशा पीटने लगा। घबराकर सौतेले ने अपनी माँ को पुकारा। सौतेली माँ फौरन ऊपर चली आईं। सौतेले की दुर्दशा उनसे देखी न गई। इसे छोड़ दे, वे चिल्लाईं, नहीं तो अभी तेरे बाप को बुला लूँगी। वह तेरा गला काटकर तेरी लाश उसी टंकी में फेंक देगा। किस टंकी में? भाई सौतेले को छोड़कर, सौतेली माँ की ओर मुड़ लिया। मैं क्या जानूँ किस टंकी में? हमारे अहाते के दालान के अंतिम छोर पर पानी की दो बड़ी टंकियाँ थीं। एक टंकी में नई आई खालें नमक, नौसागर व गंधक मिले पानी में हफ्तों फूलने के लिए छोड़ दी जाती थीं और दूसरी टंकी में ख़मीर उठी खालों को खुरचने से पहले धोया जाता था। बोलो, बोलो, भाई ने ठहाका लगाया, तुम चुप क्यों हो गईं? चल उठ, सौतेली माँ ने सौतेले को अपनी बाँहों में समेट लिया। मैं सब जानता हूँ, भाई फिर हँसा, पर मैं किसी से नहीं डरता। मैंने एक बाघनी का दूध पिया है, किसी चमगीदड़ी का नहीं... तुमने चमगीदड़ी किसे कहा? सौतेली माँ फिर भड़कीं।

चमगीदडी को चमगीदड़ी कहा है, भाई ने सौतेली माँ की दिशा में थूका, तुम्हारी एक नहीं, दो बेटियाँ टंकी में फेंकी गईं, पर तुम्हारी रंगत एक बार नहीं बदली। मेरी बाघनी माँ ने जान दे दी, मगर जीते-जी किसी को अपनी बेटी का गला घोंटने नहीं दिया... तू भी मेरे साथ नीचे चल, खिसियाकर सौतेली माँ ने मेरी ओर देखा, आज मैंने नाश्ते में तुम लोगों के लिए जलेबी मँगवाई हैं... जलेबी मुझे बहुत पसंद थीं, परंतु मैंने बीमार कबूतरी पर अपनी पकड़ बढ़ा दी। तुम जाओ, सौतेली ने अपने आपको अपनी माँ की गलबाँही से छुड़ा लिया, हम लोग बाद में आएँगे। ठीक है, सौतेली माँ ठहरी नहीं, नीचे उतरते हुए कह गईं, जल्दी आ जाना। जलेबी ठंडा हो रही हैं। लड़कियों को टंकी में क्यों फेंका गया? मैं भाई के नज़दीक- बहुत नज़दीक जा खड़ा हुआ। क्योंकि वे लड़कियाँ थीं। लड़की होना क्या ख़राब बात है? सौतेले ने पूछा। पिता जी सोचते हैं, लड़कियों की ज़िम्मेदारी निभाने में मुश्किल आती है। कैसी मुश्किल? पैसे की मुश्किल। उनकी शादी में बहुत पैसा ख़र्च करना पड़ता है। पर हमारे पास तो बहुत पैसा है, मैंने कहा। पैसा है, तभी तो उसे बचाना ज़रूरी है, भाई हँसा। माँ कैसे मरीं? मैंने पूछा। माँ के बारे में मैं कुछ न जानता था। घर में उनकी कोई तस्वीर भी न थी। छोटी लड़की को लेकर पिता जी ने उससे खूब छीना-झपटी की। उन्हें बहुत मारा-पीटा। पर वे बहुत बहादुर थीं। पूरा ज़ोर लगाकर उन्होंने पिता जी का मुक़ाबला किया, पर पिता जी में ज़्यादा ज़ोर था। उन्होंने ज़बरदस्ती माँ के मुँह में माँ का दुपट्टा ठूँस दिया और माँ मर गईं। तुमने उन्हें छुड़ाया नहीं? मैंने बहुत कोशिश की थी। पिता जी की बाँह पर, पीठ पर कईं चिकोटी भरीं, उनकी टाँग पर चढ़कर उन्हें दाँतों से काटा भी, पर एक ज़बरदस्त घूँसा उन्होंने मेरे मुँह पर ऐसा मारा कि मेरे दाँत नहीं बैठ गए... पिता जी को पुलिस ने नहीं पकड़ा? नहीं! पुलिस को किसी ने बुलाया ही नहीं। वे कैसी थीं? मुझे जिज्ञासा हुई।

उन्हें मनकों का बहुत शौक था। मनके पिरोकर उन्होंने कई मूरतें बनाईं। बाज़ार से उनकी पसंद के मनके मैं ही उन्हे लाकर देता था। उन्हें पंछी बहुत अच्छे लगते थे? सौतेले ने पूछा, सभी मूरतों में पंछी ही पंछी हैं। घर की लगभग सभी दीवारों पर मूरतें रहीं। हाँ। कई मोर... कई तोतों में अक्ल भी होती है और वफ़ादारी भी... कबूतरों की कहानियाँ उन्हें बहुत आती थीं।

मैं वे कहानियाँ सुनूँगा, मैंने कहा। मैं भी, सौतेले ने कहा। पर उन्हें चमड़े से कड़ा बैर था। दिन में वे सैंकड़ों बार थूकतीं और कहतीं, इस मुए चमड़े की सडाँध तो मेरे कलेजे में आ घुसी है, तभी तो मेरा कलेजा हर वक्त सड़ता रहता है... मुझे भी चमड़ा अच्छा नहीं लगता, सौतेले ने कहा। बड़ा होकर मैं अहाता छोड़ दूँगा, भाई मुस्कराया, दूर, किसी दूसरे शहर में चला जाऊँगा। वहाँ जाकर मनकों का कारखाना लगाऊँगा... उस दिन जलेबी हम तीनों में से किसी ने न खाई।

नमिता सिंह 'आराधना'

# प्रत्यक्षदर्शी



घटनास्थल पर रिपोर्टर जिला कलेक्टर से सवाल करते हुए-"दिनदहाड़े बीच बाजार में एक नवयुवक ने पेट्रोल डालकर अपने आप को आग लगा लिया। आग लगाने से पहले उसने एक घंटे तक सरकार और कानून व्यवस्था के प्रति काफी रोष प्रकट किया था। इतना वक्त काफी था उसे जान देने से रोकने के लिए । कितनी लचर व्यवस्था है आपकी। एक युवक को बचा नहीं सके। आखिर जिले की कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखना आप की ही जिम्मेदारी है।"

रिपोर्टर ने जिला कलेक्टर पर प्रश्नों और आरोपों की बौछार कर दी।

"मैं उस वक्त एक मीटिंग में था। इसकी सूचना मुझे बाद में मिली। मैंने जाँच के आदेश दे दिए हैं कि यह सब, कब और कैसे हुआ? इसके पीछे किसी शरारती तत्व का हाथ तो नहीं था? उस युवक ने आग स्वयं लगाई या किसी और ने" कलेक्टर ने उत्तर दिया।

"वह युवक स्वयं ही पेट्रोल और माचिस लेकर आया था। सरकार के प्रति नाराजगी प्रकट करने के बाद उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा लिया। मेरे पास इसका वीडियो है। मैं आपको वीडियो दिखा सकता हूँ।" रिपोर्टर ने सीना चौड़ा करते हुए कहा।

"यह वीडियो आपको कहाँ से मिला?" कलेक्टर ने पूछा।

"यह वीडियो मैंने खुद रिकॉर्ड किया है।" रिपोर्टर ने गर्व से कहा।

"तो इसका मतलब आप इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी हैं।"

"जी हाँ, बिल्कुल। मैं आपको शुरू से अंत तक एक-एक बात विस्तारपूर्वक बता सकता हूँ। मेरे अलावा सैकड़ों की भीड़ भी वहाँ उपस्थित थी। मेरे वीडियो की सत्यता की पुष्टि भी आप करवा सकते हैं।" रिपोर्टर ने आत्मविश्वास से भरकर उत्तर दिया।

" उस वक्त आप सभी की इंसानियत कहाँ थी?" कलेक्टर साहब ने कुछ व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा।

"जी क्या मतलब?"

"मतलब यही कि अगर उस नवयुवक की जगह आपका भाई या बेटा होता तब भी क्या आप मूकदर्शक बने वीडियो रिकॉर्ड कर रहे होते?" फिर भीड़ की ओर मुखातिब होकर कहा, "जाहिर सी बात है कि वह आपमें से भी किसी का रिश्तेदार नहीं था।"

"इस घटना का मुझे बेहद अफसोस है। लेकिन इस घटना के बारे में, जिसके आप सभी प्रत्यक्षदर्शी रहे हैं, मुझसे सवाल करने से पहले एक बार स्वयं से भी सवाल करें। क्या आपका कोई दायित्व नहीं था?"

कड़े शब्दों में कलेक्टर साहब द्वारा पूछे गए सवाल को सुनकर अब चारों ओर सन्नाटा था। रिपोर्टर को मानो साँप सूँघ गया।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें।

**वृष** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी।

**कर्क** काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। इच्छाशक्ति प्रबल करें। फालतू खर्च होगा।

**सिंह** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कन्या** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा।

**तुला** भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।


**धनु** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**मकर** समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी।

**कुंभ** पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी।

**मीन** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी।

# जन्म कुंडली के कुछ विशिष्ट योग एवं इनका फल



### बालारिष्ट योग

चन्द्रमा 5, 7, 8, 12 भाव में हो तथा लग्न पापग्रहों से युत हो तो बालारिष्ट योग बनता है। अथवा चन्द्रमा 12वें भाव में क्षीण हो तथा लग्न व अष्टम में पापग्रह हों, केन्द्र में भी कोई शुभ ग्रह न हो, तो भी बालारिष्ट योग बनता है। बालारिष्ट योग में जातक की मृत्यु बाल्यकाल में ही हो जाती है अथवा बाल्यवस्था में उसे मृत्यु तुल्य कष्ट झेलना पड़ता है।

### मृतवत्सा योग

पंचमेश षष्ठ भाव में गुरू व सूर्य से युक्त हो, तो जातक की पत्नी का गर्भ गिरता रहता है। अथवा मृत संतान पैदा होती है। अतः इसे मृतवत्सा योग कहते है।

### छत्रभंग योग

राहू, शनि व सूर्य में से कोई भी दो ग्रह यदि दशम भाव पर निज प्रभाव ड़ालते हैं और दशमेश सबल न हो तो छत्रंभग योग बनता है। जातक यदि राजा है तो राज्य से पृथक हो जाता है। अन्यथा कार्यक्षेत्र व्यवसाय में अत्यन्त कठिनाइयां व विघ्न आते हैं, तरक्की नहीं हो पाती।

### आडम्बरी राजयोग

कुंडली में समस्त ग्रह अकेले बैठें हो, तो भी जातक को राजयोग के समान ही फल मिलता है। किन्तु यह आडम्बरी होता है।

### विधुत योग

लाभेश परमोच्च होकर शुक्र के साथ हो या लग्नेश केन्द्र में हो तो विधुत योग होता है। इसमें जातक का भाग्योदय विधुतगति से अर्थात अति द्रुतगामी होता है।

**नागयोग :** पंचमेश नवमस्थ हो तथा एकादशेश चन्द्र के साथ धनभाव में हो तो नागयोग होता है। यह योग जातक को धनवान तथा भाग्यवान बनाता है।

### नदी योग

पंचम तथा एकादश भाव पापग्रह युक्त हों किन्तु द्वितीय व अष्टम भाव पापग्रह से मुक्त हों तो नदी योग बनता है, जो जातक का उच्च पदाधिकारी बनाता है।



प्रियंका जैन
9769994439

### विश्वविख्यात योग

लग्न, पंचम, सप्तम, नवम, दशम भाव शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो जातक विश्व में विख्यात होता है। इसे विश्वविख्याति योग कहते है।

## खबर संक्षेप

### काशी विश्वनाथ धाम से मां विशालाक्षी को भेजी गईं 16 श्रृंगार की सामग्रियां

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ न्यास की ओर से देवी के समस्त सोलह श्रृंगार व पर्व वस्त्र का समर्पण ज्योतिर्लिंग पीठ से काशीपुराधिपति श्री विश्वनाथ महादेव द्वारा किया गया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की तरफ से श्रृंगार समर्पण की पहल इसी वर्ष की चैत्र नवरात्रि से प्रारंभ की गई। बता दें कि काशी में ज्योतिर्लिंग तथा शक्तिपीठ नजदीक स्थित हैं। यही वजह है कि मंदिर न्यास द्वारा यह पहल की गई कि सभी देवी पर्व के अवसर पर देवी के समस्त सोलह श्रृंगार एवं पर्व वस्त्र का समर्पण ज्योतिर्लिंग पीठ से काशीपुराधिपति श्री विश्वनाथ महादेव द्वारा किया जाए।

### पत्नी के साथ ससुराल से आ रहे युवक को मारी गोली

**संभल।** धनारी थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ ससुराल से लौट रहे भगवान सिंह (22) को दिनदहाड़े बाइक सवार तीन युवकों ने गोली मार दी। मुंह पर गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने घटना स्थल पर पहुंच लोगों से जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने घटना को लेकर साक्ष्य जुटाए हैं। परिजन किसी रंजिश से इनकार कर रहे हैं। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। धनारी थाना क्षेत्र के गांव गौरीपुरा गांव के भगवान सिंह दिल्ली में काम करते थे। परिजनों के अनुसार 22 जून को उसकी शादी थाना क्षेत्र के गांव मझोला फतेहपुर से हुई थी। बृहस्पतिवार को भगवानदास अपनी पत्नी मीरा को ससुराल से दूसरी बार विदा कराकर लौट रहा था। इसी बीच गौरीपुरा गांव के नजदीक पीछे से आए बाइक सवार तीन लोगों ने उसकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। इसके बाद तमंचे से मुंह पर गोली मार दी और फरार हो गए।

### राजस्थान में इंडोनेशिया की तर्ज पर होगा पार्क

**भीलवाड़ा।** हमीरगढ़ वन क्षेत्र का कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र स्थित हमीरगढ़ इको पार्क में इंडोनेशिया के प्रसिद्ध बाली स्विंग (आसमान का झूले झूले) अब पर्यटकों के लिए तैयार हैं। उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की मंजूरी के बाद झूले पर्यटकों के लिए खोल दिए जाएंगे। झूले के नीचे के हिस्से में भी पर्यटक सुरक्षित रहे, इसलिए सुरक्षा का बड़ा जाल बिछाया गया है। दूसरी तरफ बैंकाक के ट्री हाउस की तर्ज पर यहां ट्री हाउस बनाए हैं। यहां पार्क में एक साथ तीन बाली स्विंग लगाए हैं। इनकी फिटिंग विशेषज्ञों की मौजूदगी में कर दी गई। उच्च स्तरीय तकनीकी टीम के अंतिम प्रशिक्षण के बाद इसे दर्शकों के लिए खोल दिया जाएगा। झूले की कुल लबाई तीस फीट है। यह तीस फीट से अधिक की ऊंचाई तक आसमां में जाएगा।

# 'मुझे जमीन माफिया, जमीन चोर कहकर जेल में बंद दिया'

**एजेंसी । पलामू**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दर्द पलामू में छलक पड़ा। हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे जमीन माफिया कहा गया। मुझे जमीन चोर कहा गया। इसी आरोप में मुझे जेल में भी बंद कर दिया। हेमंत सोरेन पलामू में पलामू प्रमंडल के तीन जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार की महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सौगात देने के लिए पहुंचे थे।

### भाजपा ने हमारी सरकार बनाने के खूब प्रयास किए

हेमंत सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार ने उन्हें परेशान करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। उनकी सरकार गिराने के खूब प्रयास हुए। उनकी पार्टी को तोड़ने-फोड़ने की कोशिशें हुईं। झारखंड के मुख्यमंत्री पर गलत आरोप लगाए गए। उसे जेल भेज दिया गया। लेकिन, भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। इसलिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वह प्रदेश की जनता के बीच हैं।

### पलामू में छलका हेमंत सोरेन का दर्द



### झारखंड विधानसभा के चुनाव में फिर होगा हिंदू-मुसलमान

हेमंत सोरेन ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में झारखंड में विधानसभा के चुनाव होंगे। आपको सावधान रहना है। जैसे ही चुनाव करीब आएंगे, हमारे विरोधी हिंदू-मुस्लिम करना शुरू कर देंगे। लोकसभा चुनाव में उन्होंने ऐसा किया। लेकिन, झारखंड और देश की जनता ने उनकी ऐसी हालत कर दी कि सरकार बनाने के लिए बैसाखी का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसकी सहयोगी पार्टियां ही झारखंड के लोगों की सबसे बड़ी हितैषी है।

### विपक्ष की युवा आक्रोश रैली पर हेमंत सोरेन ने जताया आश्चर्य

हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के लोग युवा आक्रोश रैली निकालने जा रहे हैं। आश्चर्य की बात है। इन लोगों ने नौकरी देना बंद कर दिया। सबसे ज्यादा नौकरी लोगों को फौज में मिलती थी। रेलवे और बैंक में सबसे ज्यादा युवाओं को नौकरियां मिला करती थीं। सब जगह नियुक्तियां बंद हो गई है। लेकिन, हम झारखंड में लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

# लोहरदगा में ATS ने मारा छापा

## आर्म्स समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद

**एजेंसी । लोहरदगा**



एटीएस झारखंड ने लोहरदगा में आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) के स्लीपर सेल से जुड़े होने के शक गुरुवार सुबह छापा मारा। ये रेड कुडु थाना क्षेत्र के चंदलासो पंचायत के कौवाखाप गांव में अल्ताफ अंसारी के घर पर पड़ा। इस दौरान एंटी टेररिस्ट स्क्वाड एटीएस को दो कंट्री मेड हथियार और एयरगन बरामद हुआ। हालांकि आरोपी अल्ताफ अंसारी एटीएस के हाथ नहीं लगा।

### सूचना मिली थी

बताया जाता है कि झारखंड एटीएस की टीम को सूचना मिली कि आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) आतंकी संगठन का स्लीपर सेल कुडु थाना क्षेत्र के कौवाखाप से आतंकी संगठन का काम संचालन करता है। जिसके बाद एटीएस की टीम गुरुवार सुबह लोहरदगा के कुडु पहुंची और स्थानीय थाना की पुलिस के सहयोग से कौवाखाप गांव निवासी अल्ताफ अंसारी के मकान में छापामारी करते हुए दो हथियार, एक एयर गन और कुछ अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया। हालांकि एटीएस की टीम इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। पांच घंटे तक चली छापामारी में एटीएस की टीम को हथियार के अलावा कुछ विशेष सफलता हाथ नहीं लगी।

### कौन है अल्ताफ अंसारी जिसके घर पर पड़ा छापा

अल्ताफ अंसारी की पत्नी नेहा खातुन और पिता मुस्लिम अंसारी ने बताया कि चार दिन पहले वह जमात के लिए दिल्ली गया है। उसके बाद से उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया है ना ही वह घर वापस लौटा। उसके बारे में बताया जाता है कि तीन साल पहले वह सड़क हादसे का शिकार हो गया था। इसके बाद से वह घर में रहकर खेती-बाड़ी का काम करते हुए जीवन यापन कर रहा था। इससे पहले वह टेंपो चलाता था। थाना क्षेत्र में आतंकी संगठन के स्लीपर सेल की सूचना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण उसके घर के पास जमा हो गए थे, जिसे पुलिस ने हटाया। इस पूरे मामले को बताने के लिए न एटीएस झारखंड की टीम और ना ही स्थानीय पुलिस कुछ बताने को तैयार है।

# नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में किया तीन नए थानों का उद्घाटन

## बाईपास के साथ अन्य परियोजनाओं का भी किया निरीक्षण

**एजेंसी । पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर में तीन थानों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने बाईपास का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने परियोजनाओं में हो रही देरी को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इन सबके बीच नीतेश कुमार ने कपरपुरा में बन रहे पुल का भी निरीक्षण किया।



### मुजफ्फरपुर में तीन नए थानों का किया उद्घाटन

नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर हाजीपुर बाईपास का निरीक्षण किया। मुजफ्फरपुर में तीन नए थानों हत्था जजुआर और एससी एसटी थाने उद्घाटन कर मुजफ्फरपुर को सौगात दी। और इसके दौरान संबंधित अधिकारियों को समय से काम पूरा करने का आदेश दिया।

### बाईपास का निरीक्षण कर अधिकारियों समय से काम पूरा करने का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री ने बाईपास का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कपरपुरा में बन रहे पुल का भी जायजा लिया। उन्होंने चांदनी चौक की ओर से होते हुए मुजफ्फरपुर – हाजीपुर हाइवे पर स्थित राम दयालु का भी जायजा लिया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना में होने वाली देरी के कारणों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे सीघ्र पूरा करें।

### सड़क दुर्घटना में वार्ड सदस्य की मौत

**एजेंसी । रांची**

रांची के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत कवाली रिंगरोड में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान नामकुम के बिमल कुमार महतो के रूप में हुई है। बिमल महतो बरगावां पंचायत का वार्ड सदस्य था। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में बरगावां के आसपास के लोग घटनास्थल पहुंच गए और विरोध में सड़क जाम कर दिया। पुलिस के समझाने के डेढ़ घंटे बाद सभी लोग माने और जाम हटाया।

# एम्बुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत

## परिजनों ने जमकर काटा बवाल

**एजेंसी । बेगूसराय**



बिहार के बेगूसराय में एंबुलेंस नहीं मिलने से एक मरीज की मौत हो गई। इस मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना के बाद परिजनों ने जमकर अनुमंडल अस्पताल में हंगामा किया। उसके बाद परिजनो ने एंबुलेंस चालक को भी जमकर पिटाई किया। बेगूसराय में एंबुलेंस नहीं मिलने से एक मरीज की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मृतक व्यक्ति की पहचान पलिया थाना क्षेत्र के सदानपुर बालाचक गांव के रहने वाले रुदल पासवान के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि छत से गिरने की वजह से वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे इलाज के लिए बलिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेगूसराय रेफर कर दिया था। डॉक्टरों के रेफर करने के बाद परिजनों ने सरकारी एंबुलेंस की मांग की। एंबुलेंस का इंतजार करते हुए 2-3 घंटे हो गए, लेकिन एंबुलेंस नहीं दिया गया। एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं होने पर रुदल पासवान की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अनुमंडल अस्पताल में जमकर हंगामा शुरू कर दिया और साथ ही साथ एंबुलेंस चालक के साथ मारपीट भी करना शुरू कर दिया।

# नशे के ओवरडोज से 16 वर्षीय किशोर की मौत

**एजेंसी । नालंदा**

बिहार के नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र के बिधापुरी इलाके में ड्रग्स के ओवर डोज से युवक की मौत हो गयी। युवक के शव के साथ बाइक व मोबाइल उसके पुराने खंडहरनुमा मकान से दो दिन के बाद मिला है। परिजनों ने युवक के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है।



### पिता से नाराज हो कर घर से निकला

नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र में ड्रग्स के ओवर डोज की वजह से एक युवक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान अरुण विश्वकर्मा के 16 वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद परिजनों ने बताया की कभी कभी नशा करता था। मंगलवार को भी नशा करने पर उसके पिता ने युवक की पिटाई की थी। पिता से नाराज होकर वह बाइक लेकर घर से चला गया। काफी देर बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गुरुवार को घटनास्थल से बदबू आने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दिया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### थानाध्यक्ष ने क्या कहा ?

हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि दो दिनों से गायब किशोर का शव एक खंडहरनुमा मकान से मिला है। उन्होंने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों का कहना है कि युवक नशे का आदी था, जिसके लिए पिता ने डांट फटकार लगाया तो युवक गुस्से में घर से निकल गया था।





# बजट के झटके से उबरा सोना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू बाजार में सोना फिर से रफ्तार पकड़ रहा है। जुलाई में पूरक बजट में शुल्क घटाने के बाद इस बहुमूल्य धातु की कीमतों में करीब सात हजार रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट देखी गई थी। बीते एक महीने के दौरान सोना अपने निचले स्तर से करीब सात फीसदी यानी तकरीबन पांच हजार रुपये की रिकवरी कर चुका है। कीमतों में आगे और भी तेजी के आसार हैं।

### एक माह में 5000 रुपये उछला



### आम बजट में सोने पर आयात शुल्क घटाया गया

पिछले महीने 23 जुलाई को पेश किए गए आम बजट में सोने पर आयात शुल्क को 15 फीसदी से घटाकर छह फीसदी कर दिया गया। इसके अलावा वैश्विक बाजारों में आई नरमी ने भी सोने की घरेलू कीमतों पर दबाव बनाया था। सोना 18 जुलाई 2024 को शुरुआती कारोबार में 74,065 रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद 26 जुलाई को शुरुआती कारोबार में 68,069 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर तक चला गया था। इससे पहले 23 मई, 2024 को सोना 74,222 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा था। इससे पहले अप्रैल और मई में भी सोने की कीमतें कई बार ऊपरी स्तर तक गई थीं। उस दौरान भी जून में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई थी। लेकिन इस संभावना के कमजोर पड़ने के साथ ही मई के आखिरी हफ्ते और जून में कीमतों में दबाव देखने को मिला। जून के पहले पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना 2,300 डॉलर से भी नीचे चला गया था।

### ब्याज कटौती का पड़ेगा असर

मार्केट में फिलहाल इस बात की संभावना बेहद प्रबल हो गई है कि अमेरिका का केंद्रीय बैंक सितंबर की अपनी बैठक में ब्याज दरों में 25 आधार अंक यानी 0.25 फीसदी की कटौती सकता है। यदि अमेरिका में ब्याज दरों में कमी आती है तो सोने को और समर्थन मिलना लाजमी है। सोने पर कोई ब्याज/प्रतिफल नहीं मिलता इसलिए ब्याज दरों के नीचे जाने से निवेश के तौर पर इस निवेश की पूछ-परख बढ़ जाती है।

### तेजी की प्रमुख वजहें

- वैश्विक बाजारों में तेजी
- अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावना
- अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल में कमजोरी
- पश्चिम एशिया में तनाव का दायरा बढ़ने की आशंका
- रूस-यूक्रेन युद्ध में नए मोर्चे खुलना
- दुनिया के केंद्रीय बैंकों की खरीदारी

### केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे भंडार

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के हालिया सर्वे में भी यह बात सामने निकल कर आई है कि 29 फीसदी केंद्रीय बैंक अगले 12 महीने में अपने गोल्ड रिजर्व में बढ़ोतरी करना चाह रहे हैं। इस सर्वे में गोल्ड की खरीदारी को लेकर केंद्रीय बैंकों ने जितना उत्साह जताया है वह वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के इस तरह के बाकी सभी सर्वे के मुकाबले ज्यादा है।

# सेंसेक्स 147 अंक की तेजी के साथ 81,053 पर बंद, निफ्टी 41 अंक चढ़ा

## एंटरटेनमेंट बिजनेस में एंट्री लेगी जोमैटो, शेयर गिरा

**एजेंसी । मुंबई**

सेंसेक्स 22 अगस्त को 147 अंक की तेजी के साथ 81,053 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 41 अंक की तेजी रही, ये 24,811 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में तेजी और 23 में गिरावट रही। टाटा मोटर्स सेंसेक्स का टॉप लूजर रहा।



### एंटरटेनमेंट बिजनेस में एंट्री लेगी जोमैटो, शेयर गिरा

ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो 2,048.4 करोड़ रुपए में पेटीएम के एंटरटेनमेंट और टिकटिंग बिजनेस का अधिग्रहण करेगी। इस खबर के बाद आज इसके शेयर तेजी के साथ खुले, लेकिन दिनभर के कारोबार के बाद शेयर 0.84% की गिरावट के साथ 257.85 रुपए पर बंद हुआ।

### जापान के निक्केई इंडेक्स में तेजी

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई इंडेक्स में 0.68% और हांगकांग के हैंगसेंग में1.44% की तेजी रही। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.27% की गिरावट रही।

# टाटा ग्रुप के स्टॉर बाजार के हेड बने नेविल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

टाटा ग्रुप में नई पीढ़ी का दौर शुरू हो गया है। 32 साल के नेविल टाटा ने स्टार बाजार के हेड के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। स्टार बाजार टाटा ग्रुप के रिटेल बिजनेस का हिस्सा है। नेविल टाटा संस के चेयरमैन एमिरेट्स रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा के बेटे हैं। नोएल ट्रेंट लिमिटेड के चेयरमैन हैं। नेविल इससे पहले ट्रेंट हाइपरमार्केट के बोर्ड में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। ट्रेंट लिमिटेड के पास हाइपरमार्केट यूनिट स्टार बाजार के अलावा वेस्टसाइड, जुडियो और जारा जैसे ब्रांड्स हैं। नेविल 2016 से ट्रेंट लिमिटेड से जुड़े हैं।

# रुपया चार पैसे टूटकर 83.94 प्रति डॉलर पर

**एजेंसी । मुंबई**

अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को चार पैसे की गिरावट के साथ 83.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आयातकों की डॉलर मांग और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कम कीमतों ने घरेलू मुद्रा को समर्थन दिया और इसकी गिरावट पर अंकुश लगाया। अनुमान है कि विदेशी निवेशकों की निकासी और आयातकों की डॉलर मांग के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिल सकता है। कारोबारियों की नजर अब साप्ताहिक बेरोजगारी दावों, मौजूदा घरेलू बिक्री और अमेरिका के पीएमआई आंकड़ों पर होगी।

# पीएम पोषण योजना का नहीं मिल रहा सटीक डाटा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पीएम पोषण योजना के तहत स्कूलों में छात्रों को मिलने वाले भोजन के संबंध में कुछ जिलों का मासिक डाटा उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों को तथ्य के साथ सटीक डाटा भेजने के निर्देश दिए हैं। योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ठीक डाटा का मिलना जरूरी है। इससे योजना का मूल्यांकन और निगरानी करने में मदद मिलेगी और बच्चों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध होगा। दरअसल, ऐसा देखने को मिला है कि कई स्कूलों का तथ्यों के हिसाब से डाटा नहीं मिल रहा है। कुछ मामलों में डाटा को अपडेट नहीं किया जा रहा है। सभी जिलों और जोन के उप शिक्षा निदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह पोर्टल पर सटीक जानकारी दें।

# 4,500 करोड़ रुपए जुटाएगी इरेडा, शेयर 8% चढ़ा

**एजेंसी । मुंबई**

इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (IREDA) के शेयरों में आज लगभग 10% की तेजी है। कंपनी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (QIP), राइट इश्यू या किसी अन्य माध्यम से 4,500 करोड़ रुपए तक का फंड जुटाएगी। इस खबर के बाद शेयरों में ये तेजी आई है। IREDA ने बताया कि इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए गुरुवार, 29 अगस्त को एक बोर्ड मीटिंग की जाएगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर IREDA के शेयर 10% से ज्यादा चढ़कर 265.70 रुपए पर पहुंचा था। हालांकि, दिनभर कारोबार करने के बाद शेयर 8.37% की तेजी के साथ 258.95 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। 6 महीने में ये दोगुना हो गया है।

### नवंबर में इरेडा पब्लिक हुई थी, 32 रुपए के भाव पर शेयर बेचे थे





पिछले साल नवंबर में इरेडा पब्लिक हुई थी, जिसने अपने IPO में 32 रुपए प्रति शेयर के भाव पर शेयर बेचे थे। शेयर इश्यू प्राइस से 56.25% प्रीमियम पर लिस्ट हुआ था। जुलाई में ये शेयर 310 रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया था।

### 'नवरत्न' का दर्जा मिलने के बाद से IREDA के निवेशक बढ़े

IREDA के शेयर में निवेशकों का इंटरेस्ट 'नवरत्न' का दर्जा मिलने के बाद से और ज्यादा बढ़ा है। इसके अलावा रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर पर सरकार के बढ़ते फोकस से कंपनी के शेयर में यह ग्रोथ देखने को मिली है। रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में IREDA एक मेजर प्लेयर है। IREDA ने बीते दिनों जून तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने इस तिमाही में अपने शुद्ध मुनाफे में सालाना 30% की वृद्धि दर्ज की थी। कंपनी का नेट प्रॉफिट 383.69 करोड़ रुपए रहा था। एक साल पहले की समान तिमाही में इरेडा का नेट प्रॉफिट 294.58 करोड़ रुपए रहा था। वहीं अप्रैल-जून तिमाही में ऑपरेशन से रेवेन्यू 32% बढ़कर 1,502 करोड़ रुपए हो गया।

सिंकफील्ड कप

# गुकेश ने प्रज्ञानानंदा के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली

- 02 साल से क्लासिकल में गुकेश को नहीं हरा सके हैं प्रज्ञानानंदा
- 02 अंक लेकर संयुक्त शीर्ष पर हैं फिरोजा और नेपोम्नियाचची



एजेंसी | सेंट लुई

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में हमवतन आर प्रज्ञानानंदा के खिलाफ मुश्किल परिस्थितियों में होने के बावजूद बाजी ड्रॉ करा ली। ये दोनों अभी समान 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

### प्रज्ञानानंदा का इंतजार बढ़ा

एक समय लग रहा था कि यह बाजी आसानी से ड्रॉ हो जाएगी लेकिन तभी गुकेश गलती कर बैठे। प्रज्ञानानंदा हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में दोनों भारतीय खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए। प्रज्ञानानंदा ने 2022 के बाद क्लासिकल बाजी में गुकेश को नहीं हराया है। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने भी कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हमवतन मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई।

### कारूआना की पहली जीत

उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव भी अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन उन्हें एक गलती बेहद महंगी पड़ी जिसका फायदा उठाकर फैबियानो कारूआना टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफल रहे। तीसरे दौर में दूसरे विजेता नेपोम्नियाचची थे, जिन्होंने नीदरलैंड्स के अनीश गिरी के खिलाफ अपेक्षाकृत आसान जीत हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन ने भी वेस्ली सो के खिलाफ पर्याप्त मौके बनाए, लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में उन्हें अंक बांटने पड़े।

# फारूक अहमद ने बीसीबी अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

एजेंसी | ढाका

पूर्व क्रिकेटर और मुख्य चयनकर्ता फारूक अहमद ने गुरुवार को नजमुल हसन की जगह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। बीसीबी ने बुधवार को आपात बैठक में 58 वर्षीय अहमद को अध्यक्ष चुना था। नजमुल हसन ने देश में व्याप्त राजनीतिक अशांति के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था और वह पत्नी के साथ लंदन में हैं। उनका बीसीबी अध्यक्ष के रूप में यह चौथा कार्यकाल था। फारूक ने कहा, मेरा लक्ष्य एक ऐसी प्रणाली बनाना है जो बोर्ड को सुचारू रूप से चला सके। फारूक ने 1988 और 1999 के बीच सात वनडे मैच खेले। उन्होंने दो बार (2003 से 2007 और 2013 से 2016 तक) बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम किया था।



## ओसोरियो को हरा नवारो मॉन्टेरी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी | मॉन्टेरी

अमेरिका की एम्मा नवारो ने मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने गुरुवार को यहां तीन सेट के कड़े मुकाबले में कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 3-6, 7-5, 7-6 से हरा दिया।



### नवारो मैग्डेलेना से भिड़ेंगी

हार्ड कोर्ट पर खेली जा रही इस डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पोलैंड की नौवीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच से भिड़ेंगी जिन्होंने एक अन्य मैच में लीना ग्लुशको को 6-7, 6-3, 6-1 से हराया। इससे पहले बुधवार को तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने स्थानीय खिलाड़ी रेनाटा जराजुआ को 6-3, 6-4 से हराया। अलेक्जेंड्रोवा का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त चीन की यू युआन से होगा, जिन्होंने पेट्रा मार्टिच को 6-4, 6-1 से पराजित किया।

### स्वितोलिना भी जीतीं

पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना स्वितोलिना ने एलिना अवनेस्यान को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से होगा जिन्होंने जियू वांग पर 6-4, 7-6 से जीत दर्ज की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में एरिका एंड्रीवा का मुकाबला लुलु सुन से होगा। 17 वर्षीय एंड्रीवा ने एक दिन पहले शीर्ष वरीय डेनिएल कोलिन्स को हराया था।

एएफसी चैलेंज

## ईस्ट बंगाल के ग्रुप में नेजमेह और पारो

एजेंसी | कुआलालंपुर

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब ईस्ट बंगाल को एएफसी चैलेंज लीग के ग्रुप ए में लेबनान के क्लब नेजमेह एससी, बांग्लादेश के बंसुधरा किंग्स और भूटान के पारो एफसी के साथ रखा गया है। ईस्ट बंगाल ने इस साल कलिंगा सुपर कप खिताब की बदौलत प्रतियोगिता में जगह बनाई। नेजमेह एससी लेबनीज प्रीमियर लीग चैंपियन है जबकि बंसुधरा किंग्स और पारो एफसी क्रमशः बांग्लादेश प्रीमियर लीग और भूटान प्रीमियर लीग चैंपियन रहे। टूर्नामेंट में पांच ग्रुप हैं जिनसे आठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 5 से 13 मार्च तक खेले जाएंगे।

## ससेक्स से पुजारा का करार खत्म



एजेंसी | लंदन

भारत के टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे। इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ह्यूज अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी-20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स टीम के शुरुआती मैचों में खेलेंगे। पुजारा 2024 में लगातार तीसरी बार ससेक्स की तरफ से खेले थे। उन्होंने ह्यूज की वापसी से पहले सात मैच खेले। ह्यूज ने इस साल के ब्लास्ट के ग्रुप चरण में 560 रन बनाए जिनमें पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। वह वर्तमान सत्र में काउंटी चैंपियनशिप के बचे पांच मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## सतीश जापान ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर से बाहर



एजेंसी | योकोहामा

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरन जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। गुरुवार को दूसरे दौर में उन्होंने थाईलैंड के कंटाफोन वांगचारोएन से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। 23 साल के सतीश ने हालांकि पहला गेम जीता लेकिन 70 मिनट तक चले मुकाबले में वह दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी से 21-18, 18-21, 8-21 से हार गए। इसके साथ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी खत्म हो गई। सतीश बुधवार को शुरुआती मैच में दुनिया के तीसरे नंबर के एंडर्स एंटोनसेन के रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंचे थे। सतीश ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट 2023 में ओडिशा मास्टर्स के रूप में जीता था।

## मीराबाई चानू और नीलकांत शर्मा को किया गया सम्मानित

एजेंसी | इंफाल

पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू और हॉकी खिलाड़ी नीलकांत शर्मा को बुधवार को यहां मणिपुर पुलिस ने सम्मानित किया। मीराबाई राज्य पुलिस में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हैं, जबकि नीलकांत भारतीय रेलवे में काम करते हैं। यहां जारी बयान के अनुसार पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने एक समारोह में दोनों को सम्मानित किया। नीलकांत पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। भारत ने तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को हराकर लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक हासिल किया। बयान के अनुसार, मणिपुर पुलिस को उनकी उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर गर्व है और उनके भविष्य के प्रयासों में हर संभव प्रोत्साहन और समर्थन का आश्वासन दिया जाता है।



## आर श्रीधर बने अफगानिस्तान के सहायक कोच

दोपहर संवाददाता | काबुल

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने भारत के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर को सहायक कोच बनाया है। वह न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के होने वाली सीरीज में टीम के साथ जुड़ेंगे। अफगानिस्तान को सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट और फिर दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलनी है। मुकाबले भारत के ग्रेटर नोएडा जबकि एकदिवसीय सीरीज शारजाह में खेली जाएगी। श्रीधर लेवल-3 सर्टिफाइड कोच हैं।

मुंबई के मैदानों से

## घुड़दौड़: तेहानी उत्तम

दोपहर संवाददाता | मुंबई

शुक्रवार को पुणे घुड़दौड़ सत्र के विशेष दिन कुल छह दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य दौड़ में सात प्रतिद्वंद्वी हिस्सा ले रहे हैं, बेंगलुरु से लाई गई तेहानी इनमें उत्तम स्थिति में है और उसके जीत की जोरदार संभावना है। पहली दौड़ 2.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- मोमेन्ट ऑफ मैडनेस (प्र.), मूनलाईट किस (द्वि.), 2- एन्जलो (प्र.), बिग रेड (द्वि.), 3- फाईटन (प्र.), मैलेट स्प्रिंग (द्वि.), 4- तेहानी (प्र.), एल ग्रेको (द्वि.), 5- ओसन (प्र.), एस्केप वेलोसिटी (द्वि.), 6- बुगाती (प्र.), ट्रीट (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- बुगाती।



## पश्चिम रेलवे को खिताब

दोपहर संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने प्रथम सर हाजिर नजरेथ मेमोरियल महिला हॉकी प्रतियोगिता के मुकाबले में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मध्य रेलवे को टाई-ब्रेक में 6-5 से पराजित खिताब पर कब्जा कर लिया। बांद्रा के सेंट एंड्रयू टर्फ पर हुए मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर थीं, इसलिए मैच के फैसले के लिए टाई-ब्रेक का सहारा लेना पड़ा। विजयी टीम की ओर से गुरु गांधी ने तीन, पिंकी ने दो और अनिपा बर्ला ने एक गोल किया, जबकि मध्य रेलवे के लिए योगिता बोरा ने तीन तथा सीमा और सुजाता किशोर ने एक-एक गोल किया।



# अबू धाबी में IIFA 2024 की मेजबानी करेंगे शाहरुख खान

शाहरुख खान मनोरंजन जगत के लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक हैं। हर कोई उनसे रूबरू होना चाहता है। उनकी शख्सियत ही ऐसी है कि कोई चाहकर भी उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सकता। अब उनके चाहने वालों के लिए एक खुशखबरी आई है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) की मेजबानी करने वाले हैं। हालांकि, अभी तक IIFA की ओर से इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### इस दिन आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

अबू धाबी के यस आइलैंड में भारतीय सिनेमा का यह भव्य कार्यक्रम 6 और 7 सितंबर, 2024 को आयोजित होगा। इसका आयोजन अबू धाबी के संस्कृति और पर्यटन विभाग द्वारा कराया जाएगा। IIFA प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पुरस्कारों का एक समूह है। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को विभिन्न कैटेगरी में पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इसकी स्थापना विजक्राफ्ट इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई थी, जो एक इंटरनेशनल इवेंट मैनेजमेंट कंपनी है। पहला IIFA अवॉर्ड समारोह लंदन के मिलेनियम डोम में आयोजित किया गया था जो 24 जून, 2000 को हुआ था।

# आयशा टाकिया ने बदला अपना लुक

अभिनेत्री आयशा टाकिया ने साल 2004 में आई फिल्म 'टार्जनः द वंडर कार' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें वह अजय देवगन के साथ नजर आई थीं। वह आखिरी बार सलमान खान के साथ फिल्म 'वॉन्टेड' में दिखाई दीं। इसके बाद से आयशा फिल्मी दुनिया से दूर हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ी रहती हैं। अब आयशा अपने नए पोस्ट के चलते सुर्खियां बटोर रही हैं।


### आयशा ने साझा किया वीडियो

आयशा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्हें पहचानना काफी मुश्किल हो रहा है। वीडियो में आयशा साड़ी पहने हुए कार में बैठी नजर आ रही हैं। उन्होंने अपना हेयर स्टाइल बदल लिया है। उनका यह लुक देख लोग चौंक गए हैं। एक ने लिखा, 'ये क्या हाल बना दिया है?'



# फिल्म 'मर्दानी 3' की हुई घोषणा

रानी मुखर्जी बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में शुमार हैं। उनकी फिल्मों का खासतौर से उनके प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। काफी समय से प्रशंसक उनकी हिट फ्रैंचाइजी 'मर्दानी' के तीसरे भाग का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार 'मर्दानी' के 10 साल पूरे होने पर 'मर्दानी 3' का ऐलान हो गया है। यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर यह जानकारी दी है, जिसके बाद से रानी के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है।



### क्या है वीडियो में?

यशराज फिल्म्स ने 'मर्दानी' के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए जो वीडियो जारी किया है, उसमें 'मर्दानी' और 'मर्दानी 2' से रानी के कुछ सीन दिखाए गए हैं। इसमें उनके कुछ दमदार डायलॉग भी सुनने को मिले, खासकर वो जिसमें, रानी कहती हैं, 'अपने पप्पा को बोल मेरा नाम ठीक से बोल शिवानी शिवाजी रॉय। उखाड़, जो उखाड़ लेगा'। 'वीडियो के अंत में बताया गया कि जल्द ही इस फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म आने वाली है।

### कब शुरू होगी शूटिंग?

रानी और उनके पति व निर्माता आदित्य चोपड़ा पिछले काफी वक्त से फिल्म के तीसरे भाग पर काम कर रहे हैं और अब इसे हरी झंडी मिल गई है। 'मर्दानी 3' की शूटिंग अगले साल यानी 2025 में शुरू होने वाली है। हालांकि, अभी तक निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा नहीं की है। रानी पिछली बार फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में दिखी थीं, जिसके लिए उनकी चारों ओर खूब सराहना हुई थी।

### रानी के धांसू अवतार ने जीता था दिल

'मर्दानी' 22 अगस्त, 2014 में रिलीज हुई थी। इसके निर्देशक प्रदीप सरकार थे। फिल्म में रानी ने पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार निभाया था। उनके दमदार अभिनय ने दर्शकों को बेहद प्रभावित किया था। यह फिल्म मानव तस्करी और सेक्स रैकेट पर आधारित थी, जिसका शिवानी भंडाफोड़ करती है।



# कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' पर विवाद


इस साल कई चर्चित फिल्में रिलीज होने वाली हैं। कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' भी इन्हीं में से एक है। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें कंगना की उम्दा अदाकारी देख दर्शक उनके मुरीद हो गए और फिल्म की रिलीज को लेकर उनका उत्साह दोगुना हो गया। एक तरफ जहां कंगना के प्रशंसक फिल्म के ट्रेलर की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस पर अब विवाद खड़ा हो गया है।

### फिल्म में सिखों की भूमिका पर विवाद

फिल्म को लेकर पंजाब में विवाद शुरू हो गया है। फरीदकोट से सांसद सरबजीत सिंह खालसा और शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता करनैल सिंह पीर मोहम्मद के बाद बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भी फिल्म में सिखों की भूमिका को गलत दिखाने को लेकर विरोध किया है। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि इसमें जानबूझकर सिखों की छवि गलत तरह से अलगाववादियों की दिखाई गई है, जो एक गहरी साजिश का हिस्सा है। सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (SGPC) ने 'इमरजेंसी' पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए दावा किया है कि इसमें सिखों का 'चरित्र हनन' करने की कोशिश की गई है।

# वरुण धवन ने 'स्त्री 2' में मुफ्त में किया कैमियो

फिल्म 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव मुख्य भूमिका में हैं। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना ने भी अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा फिल्म की दूसरी किस्त में अक्षय कुमार और वरुण धवन के कैमियो ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म में वरुण अपनी फिल्म 'भेड़िया' के किरदार में नजर आ रहे हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं अभिनेता ने फिल्म में मुफ्त में किया है।



### लिखी जा रही 'भेड़िया 2' की कहानी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, वरुण ने 'स्त्री 2' में अपना कैमियो मुफ्त में किया है। अपने इस किरदार के लिए उन्होंने एक भी पैसा नहीं लिया है। 'भेड़िया' का किरदार वरुण के दिल के बहुत करीब है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। 'भेड़िया' के सीक्वल की कहानी पर काम शुरू हो गया है और फिल्म की शूटिंग अगले साल के अंत तक शुरू होगी।

दो बजे दोपहर



## हैंडमेड डायरी में एक्सपोर्ट के लिए रवि सैनी को भारत सरकार ने किया सम्मानित

# लगातार मेहनत, ईमानदारी व अच्छी नीयत आपको जीरो से हीरो बनाती है : रवि सैनी



नई दिल्ली में भारत सरकार की तरफ से आयोजित 24वें हस्तशिल्प निर्यात पुरस्कार समारोह में जयपुर के रवि सैनी को हैंडमेड पेपर डायरी के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने रवि सैनी को दिया। रवि सैनी एक ऐसे व्यापारी हैं, जिन्होंने बेईमानी से परेशान होकर नौकरी छोड़ी और हैंडमेड डायरी का अपना कारोबार शुरू किया। वे कहते हैं कि असफलता का मौसम सफलता का बीज बोने के लिए सबसे अच्छा समय है। आज वे लगभग 250 परिवारों को रोजगार दे रहे हैं। भारत का नाम और काम दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचा रहे हैं।

### सामान्य परिवार में हुआ जन्म

रवि सैनी का जन्म राजस्थान के अलवर के एक सामान्य परिवार में हुआ। तीन भाई और एक बहन में रवि सबसे छोटे थे। अलवर की बदमाश हवाओं में पले रवि ने पोस्ट ग्रेजुएशन किया और नौकरी की तलाश करने जयपुर आ पहुंचे। घर में खांटी अलवरी माहौल था, पर रवि इससे अलग अपनी दुनिया तलाश रहे थे। जयपुर पहुंचे जहां कई संस्थानों में छोटा-मोटा काम किया। इस बीच वे पत्रकारिता से भी जुड़े। यहीं उनकी मुलाकात अनीता सैनी से हुई। दोनों के मन मिले और कुछ ही समय में सारे विरोधों को अलग रख रवि और अनीता सैनी एक हो गए। यह वह दौर था जब जीवन अपनी गति से बढ़ रहा था। कुछ मुश्किलें थीं, फिर भी होंठो पर मुस्कान थी और मन में उमंगें! जीवन बहुत अच्छा चल रहा था।

### नौकरी में खुश था लेकिन

हैंडमेड डायरी की कंपनी में नौकरी करके रवि काफी खुश थे। उनके अच्छे व्यवहार के कारण, मालिक, सप्लायर और ग्राहक सभी रवि का सम्मान करते थे। छोटी-छोटी खुशियों से बने किराए के घर में उन्हें कोई कमी नहीं लगती थी। उनका मानना था कि ज़िन्दगी में किसी और चीज़ से ज़्यादा यह मायने रखता है कि आप ज़िन्दगी में कितना खुश रहे। अपनी नौकरी और गृहस्थी में वे खुश थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। रवि बताते हैं, जहां मैं नौकरी करता था, वहां अक्सर मेरा टकराव हो रहा था। दरअसल, कुछ ऐसे लोग थे, जो कमीशनबाजी करते थे। जो कमीशन देने में आना-कानी करता था उस स्पलायर को परेशान किया जाता था। मैं इसके खिलाफ था। मेरा मानना था कि जिसने जितना काम किया है उसे उतना पैसा मिलना चाहिए। वहां रेट अप्रूवल होने के बाद भी उनके पैसे काटे जाते थे, कमीशन के तौर पर। इससे लेकर मैं बहुत ही दुखी हुआ करता था। इसलिए मैंने वह नौकरी छोड़ दी। इसके बाद मैंने तय किया कि नौकरी नहीं करूंगा, बल्कि खुद का नया स्टार्टअप शुरू करुंगा। पिछली नौकरी में काफी कुछ सीखा था, जिसकी वजह से मुझे आगे का बिजनेस शुरू करने में मदद मिली।

### आगे बढ़ने के लिए भय से लड़ना होता है

रवि बताते हैं कि वह कठिन समय था, लेकिन जो इंसान हार के डर से कभी आगे नही बढ़ता, वो इंसान जीवन में कभी कामयाब नहीं हो सकता। उस कठिन समय में मेरी पत्नी अनु जॉब करती थी और उसने मुझे बहुत हिम्मत दी। मैंने एक कमरे से अपने बिजनेस की शुरुआत की। उन दिनों खुद सैंपल बनाता था लोगों को दिखाता था, थोड़ा काम मिला तो एक दो लड़कों को मिला लिया। मैं छोटे-छोटे एक्सपोर्टर और सप्लायर से मिलता था, उन्हें प्रभावित कर छोटे-छोटे ऑर्डर लेने के लिए जान लगाए रखता था। काम के लिए पुष्कर, उदयपुर और मुंबई जाता था। वहां से छोटे-छोटे ऑर्डर लिए। इस यात्रा में पत्नी का पूरा सहयोग था। 2007 में मैंने कंपनी शुरू कर दी। उस वक्त जयपुर के बनी पार्क में मैं किराये पर रहता था। मेरी पत्नी भी नौकरी करती थी। शुरूआती दिनों में मैं बैठकर काम करता था। उनके साथ नई- नई डिजाइन बनाना और नए-नए आईडिया देना और लेना ये मेरे कॉन्सेप्ट के लिए सही था। मेरी प्रोडक्ट पर सही पकड़ थी।

### अच्छा व्यवहार सफलता की चाबी

छोटे-छोटे ऑर्डर के साथ बिजनेस आगे बढ़ने लगा। मेरे साथ काम करने वाले लोग मेरे व्यवहार से खुश थे, इसलिए वे पूरे मन से काम करते। व्यापारी, सप्लायर हर किसी ने मदद की और कुछ ही समय में काम बढ़ता चला गया। कुछ बड़े एक्सपोर्टर मिले और मुझसे माल लेकर बाहर एक्सपोर्ट करते थे। काफी समय तक उनके साथ बिताया। पर वहां भी वही पेमेंट की समस्या रहती थी। समय पर पेमेंट नहीं मिलता था। मैं हमेशा परेशान होता था। जब सब कुछ समझने लगा, तब एक्सपोर्ट की कुछ फॉर्मिलटी कर ली और लाइसेंस वगैर ले लिए। फिल्ड और मार्केटिंग के लिए अपनी कुछ टीम को बढ़ाया। 2018 से एक्सपोर्ट चालू है और 2019 में मैंने अपनी खुद की फैक्ट्री बना ली है।

### रचनात्मकता हारने नहीं देती

किसी ने कहा है कि सीखना, रचनात्मकता को जन्म देता है। रचनात्मकता, विचार की ओर ले जाती है,विचार आपको ज्ञान देता है और ज्ञान आपको असाधारण बना देता है। रवि के जीवन पर यह बात एकदम खरी उतरती है। रवि हैंडमेड पेपर की डायरी बनाते हैं। सभी डायरियों का डिजाइन वे खुद करते हैं। उनके पास एक हजार से ज्यादा डिजाइन की डायरियां हैं। एंटिक हैंडमेड पेपर की लेदर की डायरियों की मांग दुनिया भर में है। लेदर में वे सिर्फ नेचुरल देथ से मरे जानवरों के चमड़े का ही उपयोग करते हैं। हैंडमेड डायरी के इस काम से लगभग 250 लोग जुड़े हुए हैं। कटिंग को छोड़कर सारा काम मैनुल होता है। चाइना और रशिया को छोड़कर दुनिया के ज्यादातर देशो में अब सप्लाई शुरू होई है। यूरोप में यूके, यूएस, आस्ट्रेलिया, दुबई, चेक रिपब्लिक, साउथ कोरिया इन सभी जगहों पर हैंडमेड डायरी जाती है। रवि बताते हैं कि 2018 से मैं लगातार ट्रेड शो में जाता हूं। फेयर करता हूं। सीधे तौर पर बी2बी क्लाइंट से मिलता हूं। काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी साल हमने बाहर के एग्जीबिनशन में भी जाना शुरू कर दिया। बहुत अच्छा रिस्पॉन्स हैं। जनवरी में जर्मनी में एक शो है पेपर वर्ल्ड, वह हम कर रहे हैं।

### समस्याएं तो आएंगी मगर...

रवि कहते हैं, देखिए संसार में ऐसा कोई काम नहीं जिसे करने में समस्याएं न आएं। मेरे काम में भी आईं और आती हैं, लेकिन उन समस्याओं से आपको हारना नहीं है। अपने बूते पर कोई भी नया काम करने में सबसे बड़ी समस्या फाइनेंस की आती है, मेरे साथ भी यही समस्या थी। छोटी-छोटी चीजों के लिए निर्भर रहना पड़ता था। पैसे की बड़ी समस्या थी। समय पर पेमेंट नहीं आते थे। उधार लेना पड़ता था और उसे चुकाने के लिए दूसरा उधार लेना पड़ता था। लेकिन अगर हौसला साथ हो तो सब चीज़ें मैनेज हो जाती हैं। वो कहते हैं न कि जो भी काम करो उसमें अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ।

### आत्मविश्वास हो तो मुमकिन है!

2008 में जब मैंने काम शुरू किया था, तब वहां वसुंधरा राजे की सरकार थी। उस दौरान एक इवेंट हुआ था... राजस्थान... वह बहुत ही शॉर्ट टर्म प्रोग्राम था। वहां मुझे बहुत ही कम समय में 2000 डायरी कस्टमाइज करके देनी थी। जैन साहब बहुत परेशान हो रहे थे। उनका कॉन्फ्रेंस किट और फोल्डर का काम था, जो उस प्रोग्राम में गिफ्ट के तौर पर बंटने थे। तो बहुत ही शॉर्ट नोटिस पर उनको 2000 डायरी चाहिए थी। उस दिनों मेरी उनसे नई मुलाकात हुई थी और फिर उन्होंने मुझसे पूछा कि रवि क्या तुम ये कर सकते हो? तब मैंने उनसे कहा कि मैं कोशिश कर सकता हूं। केवल मेरे पास 7 दिन का टाइम था और उसमें उन्हें कुछ पाइपिंग लगानी थी और 7 दिन में 2000 पाइपिंग पॉसिबल नहीं थी। हालांकि मैं प्रिंट समझता था इसलिए मैंने प्रिंट में ही पाइपिंग का डिजाइन डाल दिया। इससे वह पाइपिंग लगाने से बच गए। इस तरह से हमने पांच दिन में 2000 डायरी बना दिए। मेरी इस क्षमता को देखकर वह बहुत प्रभावित हुए और कहा कि हम साथ में काम करेंगे। फिर वह मुझे शो में ले गए। वह बहुत बड़े एक्सपोर्टर थे और मुझे सपोर्ट किया। पहली बार हम एक्जिबिशन में गए। उनके साथ मिलकर 3-4 साल मैंने एक्सपोर्ट किया। डिजाइन, प्रिंट और प्रोडक्ट मेरे ही थे। उन्होंने मुझे एक अच्छा प्लेटफॉर्म दिया। वह मुझे एक बड़े प्लेटफॉर्म पर ले गए। आज भी वह मेरे अच्छे दोस्त हैं।




### मैं इंसानियत में यक़ीन करने वाला हिंदू

मेरे शुरूआती दिनों में मेरे साथी अरशद मिर्जा (गुड्डू भाई) मुझे बहुत सपोर्ट किया करते थे। वो बहुत अच्छे आर्टिस्ट थे। मेरे डायरी के कवर के लिए वह डिजाइन डेवलप करके मेरे साथ काम करते थे। हमेशा नए-नए डिजाइन बनाकर मेरे साथ शेयर करते करते थे। जबकि वह बड़ी कंपनी में सप्लाई का काम करते थे, इसके बावजूद मेरी मदद करने के लिए मेरे साथ जुड़े थे। य़हां ताकि वह पैसो में भी मेरी मदद करते थे। आज भी उनके साथ मेरे अच्छे संबंध हैं। इसके अलावा सुरभी एक्सपोर्ट के एक्सपोर्टर मिस्टर संजय जैन भी मेरे अच्छे साथी हुआ करते थे। उन्होंने मुझे बहुत सिखाया। मैं हमेशा से इंसानियत को मानने वाला हिंदू रहा हूं। मुझे अपने धर्म पर गर्व है। पर मेरा धर्म सभी से प्रेम करना सिखाता है। बात तब की है जब जयपुर में ब्लास्ट हुआ था। अफरातफरी का माहौल था। दंगे होने का डर भी सता रहा था। उस वक्त मैं अपने मुसलमान दोस्त गुड्डू भाई के घर पर था। उनके परिवार ने इस अफरतफरी के माहौल में मेरी सुरक्षा के लिए अपने घर से निकलने से मना कर दिया। उन्होंने कहा आप बाहर मत जाओ यहीं रहो, क्योंकि ब्लास्ट हुआ है, तो कुछ भी हो सकता है। मैं रात को 12 बजे तक उनके घर पर था। उन्होंने मुझे बिल्कुल अपने परिवार के सदस्य की तरह घर पर रखा। वह घटना आज भी मुझे याद। इसलिए आज भी गुड्डू भाई मेरे परिवार की तरह हैं।

### धोखे हमें सीख देकर जाते हैं

एक जगह मेरे साथ चीटिंग हुई, उस समय मुझे बहुत दुख हुआ पर उससे बहुत कुछ सीखने को मिला। मेरे पहचान के शख्स मेरे पास आए। उन्होंने साल भर तक मेरे साथ काम किया। मैं उसके साथ एक्जिबिशन में भी जाया करता था। मैं उन पर आंखें मूंदकर विश्वास करता था। इतना कि मैंने कह रखा था कि काम आपके नाम से होगा और प्रोडक्ट मेरा होगा। बहुत अच्छे रिलेशन थे। दरअसल साफ मन से मैंने उन पर विश्वास कर लिया। लेकिन जैसे ही हम वो शो करके आए। उन्होंने खुद काम शुरू कर दिया, और मुझे बकायदा कहा कि यह सब मेरी प्लानिंग थी। उसने अपने दोस्त को मेरे यहां नौकरी लगवाई। बहुत कुछ सीखा और समझा। उस दोस्त ने भी बताया कि सर ये हमारा प्लान था। हमे इस लाइन में एंटर करना था। आज वह अमेजन डॉट कॉम पर बहुत बड़े सेलर हैं, पर इस घटना ने मेरे दिल को तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यह पार्ट ऑफ बिजनेस है। उस समय बहुत दुख हुआ पर आज मेरे मन में उनके लिए कोई भी दुर्भावना नहीं है। किसी भी घटना से अपने भीतर कटुता पैदा मत होने दीजिए। यदि आप कटु हो जाते हैं तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको मीठी ज़िंदगी का अनुभव नहीं करा पाएगी...

### महिलाओं को देते हैं रोजगार

रवि बताते हैं देखिए हम सारा काम हाथ से करते हैं, ऐसे में हमारा काम लोगों पर निर्भर करता है। मैंने देखा कि मेरे आसपास की महिलाएं घरों में बैठी रहतीं हैं। मैंने कुछ महिलाओं से बात की, वे काम पर आईं तो मैंने पाया की वे तेजी से काम सीख रहीं हैं, और अच्छा काम कर रहीं हैं। इस काम से उनके घर की हालत भी सुधर रही है। यही कारण है कि हम ज्यादातर महिलाओं को तरजीह देते हैं, इसलिए हमारी ज्यादातर स्टाफ महिलाएं ही हैं। वह बहुत ही समर्पण भाव के साथ काम करती हैं।

### मुंबई में भी नया बिजनेस शुरू किया

पिछले दिनों उन्होंने मुंबई में एक यूनिट से शुरू की है। वे कहते हैं, इस बिजनेस को मुझे बढ़ाना था। इस प्रोडक्ट को एक प्लेटफॉर्म देना था, क्योंकि डोमेस्टिक में यह एक्पोर्ट तो बहुत होता है, पर इसका सही से अनावरण नहीं हुआ है। कुछ साथी हैं जिनकी मदद से काम को बढ़ा रहा हूं।

### हमारी डायरियों की दुनिया में धूम है

हमारे यहां सिर्फ हैंडमेड काम होता है। सिर्फ कटिंग का काम मशीन से होता है। बाकि स्ट्रैचिंग, बाइडिंग काम मैनुअल होता है। मुझे गर्व है कि मैं ढ़ाई सौ परिवारों का हिस्सा हूं। आज पूरी दुनिया में हमारी डायरियों की मांग है। दुनिया के ज्यादातर देशों में उनकी डायरियों की घूम है। आज पेपर प्ले को सब जानते हैं। इंटरनेट पर भी पेपर प्ले अच्छा नाम है। रवि बताते हैं हमने जर्मनी में जो शो किया है, वहां इंडिया से साढ़े चार सौ एक्सपोर्टर गए थे। उसमें डायरी वाला सिर्फ एक ही ब्रैंड था और वह है पेपर प्ले।

